# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


अधिकारियों के बंगले में दूध पहुंचाने दैवेभो लगा रहे लाइन, नियमित सेवकों की भी ड्यूटी



## एग्रीकल्चर कॉलेज की डेयरी में अजब-गजब नजारे सरकारी काम की शुरुआत दूध के डिब्बे के साथ!

रुचि वर्मा/अजय साहू ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

समय-सुबह 7 बजे। जगह-कृषि विवि की डेयरी। नजारा-साइकिल में दूध के डिब्बे लगाए दर्जनों की संख्या में पहुंचे मजदूर। यहां घंटेभर इंतजार के बाद उन्हें ताजा दूध मिलता है और वे इसे फिर से अपनी साइकिल में लटकाकर अधिकारियों के घरों की ओर रवाना होते हैं। वैसे तो ये पूर्णतः निजी काम है, लेकिन इसके लिए उन्हें तनख्वाह सरकार देती है। दरअसल, ये दैनिक वेतन भोगी और कुछ नियमित कर्मचारी हैं, जिन्हें सरकार ने दफ्तरों और अफसरों के बंगलों के लिए नियुक्त किया है। जिनकी तैनाती बंगलों में है उनकी यह दौड़ समझ में आती है, पर भीड़ में ऐसे कर्मचारी भी नजर आते हैं, जिनकी नियुक्ति माली या कृषि मजदूर के रूप में हुई है। दिक्कत यह है कि दूध लेने में ही ▶▶| शेष पेज 4 पर







### डिब्बे में अधिकारियों के नाम

दूध लेने के लिए पहुंचे दैवेभो कर्मचारी अपने साथ स्टील के डिब्बे लिए हुए थे। इन्हें वे काउंटर में खिड़की के सामने रखकर निकल जाते हैं। इनमें से अधिकतर डिब्बों में अधिकारियों के नाम लिखे हुए थे। अपनी पहचान ना उजागर करते हुए कर्मचारियों ने बताया कि यह उनकी प्रतिदिन की दिनचर्या है। साहब ने दूध लाने के लिए कहा है इसलिए वे ड्यूटी पर पहुंचते ही डिब्बा लेकर निकल जाते हैं। चूंकि उनकी प्रतिदिन की मजदूरी इन अधिकारियों के हस्ताक्षर के बाद ही मिलती है, इसलिए वे विरोध करने के स्थान पर चुपचाप रोजाना साइकिल में डिब्बा लेकर आ जाते हैं।

### शासकीय वर्दी में भी पहुंचे

कुछ कार्यालयों में कर्मचारियों के लिए पोशाक भी निर्धारित होते हैं। इनके कर्मचारी शासकीय वर्दी में भी दूध लेने के लिए पहुंचे रहे। इंदिरा गांधी कृषि विवि के अधिकारियों और प्रोफेसर बंगले से लेकर मुख्य शहर में स्थित कई अधिकारियों और कर्मचारियों तक के बंगले में यहां की डेयरी से दूध लेने कर्मचारी आते हैं। लेबर मिसयूज कंट्रोल रोकने किसी भी स्तर पर कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। ना सिर्फ सुबह बल्कि दोपहर 4 बजे भी यहां यही नजारा रहता है, जब शाम के वक्त दूध वितरण प्रारंभ होता है। इस तरह से दैनिक वेतनभोगियों के काम का लगभग आधा वक्त दूध छोड़ने में ही खर्च हो रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### पुलिस मुखबिरी के संदेह में उतारा मौत के घाट



**जगदलपुर।** सुकमा जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र में माओवादियों ने एक बार फिर एक ग्रामीण की पुलिस मुखबिरी के संदेह में हत्या कर दी है। बीती रात ग्रामीण के घर पहुंचकर नक्सलियों ने हत्याकांड को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक दिनांक 25-26 सितम्बर की रात भेज्जी थाना क्षेत्र के ग्राम भंडारपदर में पहुंचे हथियारबंद नक्सलियों ने ▶▶| शेष पेज 4 पर

### खेडकर को गिरफ्तारी से मिली चार तक राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आईएएस की पूर्व परिवीक्षा अधिकारी पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से दी गई अंतरिम राहत चार अक्टूबर तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने उनके वकील के अनुरोध के बाद अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी।



### राउत को दी 15 दिन की सजा फिर 30 दिन के लिए टाल दी

**मुंबई।** मुंबई की अदालत ने शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अदालत ने राउत को 15 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही 25,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है, जिसे राउत से मुआवजे के तौर पर वसूला जाएगा। बाद में अदालत ने सजा को 30 दिन के लिए टाल दिया।



### कर्नाटक में बिना इजाजत सीबीआई की एंट्री बैन

**बेंगलुरु।** भूखंड आवंटन विवाद के बीच कर्नाटक सरकार ने राज्य में मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस ले ली। इसने आरोप लगाया कि एजेंसी 'पक्षपातपूर्ण' ढंग से काम कर रही थी। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद फैसले की घोषणा कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने की।



### नगालैंड-अरुणाचल में अफस्पा 6 महीने बढ़ा



**नई दिल्ली।** नगालैंड के आठ और अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों एवं कुछ अन्य क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद सशस्त्र बल अधिनियम (अफस्पा) और छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। किसी क्षेत्र या जिले को अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जाता है। ऐसे में वहां सशस्त्र बलों की गतिविधियों को सुगम बनाया जा सके।

---

### रायपुर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया मंत्री, विधायक, पदाधिकारियों के साथ मंथन

## छत्तीसगढ़ भाजपा में 50 नहीं, अब 60 लाख सदस्य बनाएं जाएंगे, नड्डा बोले-बढ़ाएं रफ्तार

*छत्तीसगढ़ भाजपा में अब 50 लाख की जगह 60 लाख सदस्य बनाए जाएंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने यह नया टार्गेट दिया है। गुरुवार को रायपुर पहुंचे श्री नड्डा ने सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए अभियान की रफ्तार बढ़ाने का संदेश दिया और टार्गेट 10 लाख बढ़ा दिया। श्री नड्डा ने मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से प्रदेश की स्थिति पर अलग से चर्चा की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

श्री नड्डा ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सदस्यता अभियान को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव, सदस्यता अभियान की प्रभारी विजया राहटकर के साथ साय मंत्रिमंडल के मंत्रियों, विधायकों और सांसदों से इसकी पूरी जानकारी ली। उसके बाद टार्गेट बढ़ाया गया। बैठक में डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के मंत्री, विधायक, सांसद, प्रदेश के पदाधिकारी, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव और उनकी टोली के सदस्य शामिल हुए। श्री नड्डा को संयोजक अनुराग सिंहदेव ने सदस्यता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनको बताया गया कि सदस्यता अभियान में ▶▶| शेष पेज 4 पर








### दिल से, दल से, जुड़ें कमल से : नड्डा

बैठक में श्री नड्डा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे राष्ट्र से संगठन के महापर्व में जुड़ने की अपील कर रहे हैं। यह महापर्व हम सब के लिए सदैव अविस्मरणीय हो। हम सबको प्रधानमंत्री के इस सूत्र वाक्य को अंतिम व्यक्ति तक ले जाने की जरूरत है। दिल से, दल से, जुड़े कमल से। पूरे देश के साथ छत्तीसगढ़ में भाजपा के सदस्य बनने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हम अपने लक्ष्यों को पूर्ण कर लेंगे। हमें पूर्ण विश्वास है इस दिशा में पार्टी कार्यकर्ता जुटा हुआ है। बैठक के बाद श्री नड्डा रायपुर के जम्मू-कश्मीर के लिए विशेष विमान से रवाना हुए।

### एयरपोर्ट पर स्वागत

श्री नड्डा शाम को करीब 5.30 बजे रायपुर पहुंचे। उनका विमानतल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित भाजपा नेताओं ने स्वागत किया।

### साय-रमन के साथ अलग से चर्चा

श्री नड्डा ने सदस्यता अभियान की समीक्षा करने से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के साथ अलग से चर्चा की। इसमें सबसे अहम प्रदेश के हालात के बारे में जानकारी ली। सरकार के काम-काज के बारे में पूछा।



### गोपाल व्यास को दिलाई सदस्यता

रायपुर पहुंचने के बाद श्री नड्डा सबसे पहले पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल व्यास के निवास पर पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत पूर्व राज्यपाल और रायपुर के पूर्व सांसद रमेश बैस ने किया। श्री नड्डा ने श्री व्यास को पहले भाजपा की सदस्यता दिलाई और उनके पैर छुकर आशीर्वाद लिया। इसी के ▶▶| शेष पेज 4 पर

---

## प्रोफेसर पर हमले के मामले में पूर्व सीएम के पुत्र से चार घंटे पूछताछ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई-3 के असिस्टेंट प्रोफेसर विनोद शर्मा पर दो माह पूर्व हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल उर्फ बिट्टू को पूछताछ के लिए बुलाया। बिट्टू का मोबाइल जब्त करने के बाद पुलिस ने उन्हें चार घंटे बाद छोड़ा। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने बिट्टू से थाने बुलाए जाने की पुष्टि की है। बिट्टू को थाने बुलाए जाने के बाद कांग्रेस में सियासी हलचल भी तेज हो गई। भिलाई-3 ▶▶| शेष पेज 4 पर

### बयान दिया हूं

बुधवार की रात 8 बजे भिलाई-3 पुलिस द्वारा इस मामले में बयान दर्ज करने 26 सितंबर गुरूवार को थाने बुलाया गया था। इसी सिलसिले में आज थाने आकर अपना बयान दिया हूं। मामले की विवेचना जारी है। बाकी जानकारी पुलिस देगी।

चैतन्य बघेल उर्फ बिट्टू

### बिट्टू की भूमिका संदिग्ध


*19 जुलाई 2024 को ग्रीन वेली में रहने वाले 57 साल के असिस्टेंट प्रोफेसर विनोद शर्मा पर प्राणघातक हमला किया गया था। इस मामले में पूछताछ के लिए चैतन्य बघेल उर्फ बिट्टू को बुलाया गया था। बिट्टू की भूमिका इस मामले में संदिग्ध है। जरूरत पड़ी तो बिट्टू को फिर बुलाया जाएगा। बिट्टू का मोबाइल जब्त किया गया है। जब्त मोबाइल साइबर लैब जांच के लिए भेजा जाएगा। इस मामले के आरोपियों के साथ बिट्टू का संबंध किस लेबल का था, इसकी जांच की जा रही है। इस मामले में अभी तक पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए है। एक आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया गया है।*

*- हरीश पाटिल सीएसपी भिलाई-3*

---

### छापेमार कार्रवाई से हड़कंप

## मुर्गी फार्म में बन रहा था प्रसाद का इलायची दाना






हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

खास खबर

देश में तिरुपति मंदिर के प्रसाद में जानवरों की चर्बी का मामला सामने आने के बाद देशभर में अब बड़े मंदिरों में मिलने वाले प्रसाद को लेकर लोगों में इसकी शुद्धता और गुणवत्ता को लेकर संशय की स्थिति है। इसी बीच, छत्तीसगढ़ प्रदेश के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वर मंदिर परिसर में बिकने वाले इलायची दाने को लेकर एक नया बवाल खड़ा हो गया है। यहां श्री प्रसाद नाम से मिलने वाला इलायची दाना क्षेत्र के ही एक मुर्गी फार्म में बनाए जाने का मामला सामने आया है। इसके बाद इसकी शुद्धता और गुणवत्ता को लेकर खाद्य विभाग में शिकायत हुई और विभाग ने बुधवार को छापामार कार्रवाई करते हुए इसकी गुणवत्ता जचने के लिए सैंपल रायपुर भेजा है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### छापा मारने के बाद फूड सेफ्टी लाइसेंस

मामले की शिकायत के बाद बुधवार को जब खाद्य विभाग की टीम ने यहां छापे मार कार्रवाई की उसके बाद फर्म के संचालक मजहर खान ने 25 सितंबर की शाम लगभग 7:09 मिनट पर ऑनलाइन माध्यम से एफएसएसएआई से लाइसेंस प्राप्त किया है। यानी इससे पहले फैक्ट्री संचालक के पास वैध लाइसेंस ना होते हुए भी इलायची दाने का निर्माण किया जा रहा था। इसमें विभागीय अफसरों की भूमिका संदिग्ध हो गयी है।

### पैकेट पर सिर्फ वजन और रेट का जिक्र

पोल्ट्री फार्म में जिस इलायची दाने के निर्माण की शिकायत की गई है। उसके पैकेट में महज वजन और रेट का ही जिक्र है। पैकेट पर वजन 1 किलो और रेट 70 रुपए लिखा हुआ है। वहीं बैच नंबर और पैकिंग डेट यहां प्रिंट नहीं किया गया है।

### मंदिर ट्रस्ट नहीं खरीदती इलायची दाना

मंदिर ट्रस्ट द्वारा किसी भी लायचीदाना फैक्ट्री से लायचीदाना की खरीदी नहीं की जाती है और न ही मंदिर प्रशासन द्वारा इसका वितरण किया जाता है। वर्ष भर भक्तों द्वारा चढ़ाये गये नारियल को ही प्रसाद के स्वरूप बांटा जाता है और जब नवरात्र पर्व के दौरान मंदिर परिसर में नारियल फोड़ना प्रतिबंधित होता है तो प्रसाद में नारियल की जगह मिश्री का वितरण किया जाता है।

**मनोज अग्रवाल**, अध्यक्ष मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट

---

## ऐसा फर्जीवाड़ा, सरकारी पालिसी का लाभ लेने नकली नक्सली बनकर किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- पुलिस ने तीनों के खिलाफ दर्ज किया मामला

माओवादियों के समर्पण के लिए बनाई गई शासन की पॉलिसी का फर्जी तरीके से लाभ लेने के लिए तीन लोग खुद को नक्सली बताते हुए एसपी के समक्ष सरेंडर करने पहुंच गए, लेकिन उनका झूठ ज्यादा देर टिका नहीं और मामला खुल गया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बालोद एसपी के पास समर्पण करने पहुंचने वालों में एक व्यक्ति ने अपने आप को मोहला मानपुर एरिया कमेटी नक्सली संगठन का सदस्य बताया। तीनों व्यक्तियों ने पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के पास पहुंचकर बबलू उर्फ मधु मोडियाम के माओवादी संगठन में जुड़े होने और ▶▶| शेष पेज 4 पर




### जांच जारी है



इस मामले में एएसपी अशोक जोशी ने कहा कि बबलू उर्फ मधु मोडियाम और उनके साथी नकली माओवादी बनकर शासन की पुनर्वास योजनाओं का लाभ पाने इस तरह से झूठ बोलकर समर्पण करना चाहते थे, उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

---

### अब तक 7 हजार से अधिक ट्रेनें रद्द

## नवरात्रि में कटनी रूट पर जाने वाली 26 ट्रेनें रहेंगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

नवरात्रि में मैहर की ओर जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना कर पड़ सकता है, क्योंकि नवरात्र के दिनों में रेल प्रशासन ने मुख्य रूप से मैहर की ओर जाने वाली 26 ट्रेनों को रद्द करने का आर्डर जारी कर दिया है। इसमें नर्मदा एक्सप्रेस, रींवा एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें शामिल हैं। रेल प्रशासन पिछले पांच सालों से एसईसीआर के तीनों डिवीजन में तीसरी और चौथी लाइन के साथ अधोसंरचना का काम ▶▶| शेष पेज 4 पर

### परिवर्तित मार्ग की ट्रेन

26 ट्रेनों को रद्द किए जाने के अलावा रेल प्रशासन ने 2 से 10 अक्टूबर तक बरौनी से चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग बरौनी, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया होंकर और 15232 गोंदिया से बरौनी के बीच चलने वाली एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, बरौनी होकर ▶▶| शेष पेज 4 पर

---

### मंदिर प्रबंधन के सदस्य स्वयं लेकर जा रहे साबूत सरसों और तिल

घी के लिए निजी डेयरी से अनुबंध, यहां भी अपने समक्ष मिलाई से तैयार करवा रहे घी

## हाटकेश्वरनाथ में पहली बार ज्योति कलश, मिलावट का डर... इसलिए कच्ची घानी के तेल का इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित हाटकेश्वरनाथ में पहली बार नवरात्रि पर ज्योति प्रज्वलित की जा रही है। सदियों पुराने मंदिर में इस वर्ष पहली बार भक्तों की मनोकामना ज्योति जलाई जाएगी। इसे लेकर मंदिर प्रबंधन में खासा उत्साह है और वे इसे लेकर अपने स्तर पर तैयारी भी कर रहे हैं। इन सबके बीच मिलावट का ऐसा खौफ हावी है कि शुद्धता बनाए रखने के लिए मंदिर प्रबंधन द्वारा स्वयं अपने आंखों समक्ष घानी से तेल निकलवाया जा रहा है। मंदिर में इस बार तीन तरह की ज्योति प्रज्वलित होगी। इसमें घी, तिल का तेल और सरसों के तेल की ज्योति शामिल है। मंदिर प्रबंधन द्वारा स्वयं ही खड़े तिल और सरसों ▶▶| शेष पेज 4 पर



### शुद्धता पहली प्राथमिकता

मंदिर परिसर में शुद्धता बनाए रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। हम अपनी निगरानी में ही तेल निकलवा रहे हैं। घी निर्माण भी हमारे आंखों के समक्ष ही हो रहा है।

-पं.सुरेश गिरी गोस्वामी पुजारी, हाटकेश्वरनाथ

### कीमत भी अधिक

मंदिर प्रबंधन द्वारा प्रत्येक स्तर पर शुद्धता का ध्यान रखा जा रहा है, इसलिए यहां ज्योति की कीमत भी अन्य मंदिरों की तुलना में अधिक है। यहां घी के ज्योति कलश का पंजीयन शुल्क 5100 रुपए है। सरसों तेल की ज्योति की कीमत 1500 रुपए और तिल के ज्योति ▶▶| शेष पेज 4 पर

### घी के लिए मलाई का ही इस्तेमाल

तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावटी घी संबंधित प्रकरण के बाद सभी राज्यों के मंदिरों में अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। कई मंदिरों ने घी के स्थान पर सिर्फ तेल के ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने का निर्णय लिया है। घी के लिए शासकीय संस्था देवभोग के उत्पादों का ही प्रयोग किया जा रहा है। वहीं हाटकेश्वरनाथ ▶▶| शेष पेज 4 पर

# ‘राहुल बाबा की तीन पीढ़ियों में इतना दम नहीं कि 370 वापस ले आएं, कश्मीर को स्टेटहुड जरूर मिलेगा’

## कांग्रेस के स्टेटहुड के वादे पर गृहमंत्री शाह ने उधमपुर में किया पलटवार

*देशभर में चुनावी घमासान मचा हुआ है। जम्मू कश्मीर में चरणबद्ध चुनाव चल रहे हैं, वहीं हरियाणा में 5 अक्टूबर को मतदान होना है। इसके बाद महाराष्ट्र, झारखंड में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसके चलते सियासी माहौल सरगर्म है। भाजपा, कांग्रेस सहित सभी बड़े राजनीतिक दल अपने भाग्य आजमा रहे हैं। जमकर चुनावी रैलियां चल रही है। स्टार प्रचारक घूम-घूमकर सभा कर रहे हैं। गुरुवार को कश्मीर व हरियाणा के कई स्थानों पर सभाएं हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री शाह, एलओपी राहुल गांधी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित कई नेताओं ने अपनी पार्टी के लिए प्रचार किए...*

एजेंसी ▶▶| उधमपुर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, “राहुल बाबा कहते हैं हम 370 वापस लाएंगे। मैं इस मंच से कहना चाहता हूं कि राहुल बाबा आपका क्या, आपकी तीन पीढ़ियों में इतना दम नहीं की 370 वापस ले आएं। शाह ने आगे कहा कि मोदी जी की सरकार में न पत्थरबाजी हो रही है और न ही आतंकवाद है। राहुल बाबा कल बोले हम स्टेटहुड देंगे। देश की संसद में कहा है कि चुनाव के बाद हम जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा देंगे। जम्मू कश्मीर को स्टेटहुड जरूर मिलेगा, लेकिन वो नरेंद्र मोदी देंगे। उमर अब्दुल्ला और राहुल बाबा कहते हैं कि हम कश्मीर में लोकतंत्र लाएंगे, 70 साल तक जम्मू कश्मीर को इन परिवारों ने बांट के रखा। पहले यहां चुनाव होता था क्या ? ये काम हमारे नेता मोदी जी ने किया है।



### ‘आतंक फैलाने का जवाब फांसी से ही दिया जाएगा’

शाह ने आगे कहा कि मेरा हेलीकॉप्टर यहां उतरना था, लेकिन उतर नहीं पाया। मैं उधमपुर उतर कर आया। मैंने ड्राइवर से पूछा कि यहां तक आने में तो 1 घंटा लगेगा, लेकिन ड्राइवर ने कहा कि अच्छी सड़क की वजह से 25 मिनट लगेगा। ये सड़क बनवाने का काम मोदी जी ने किया है। उन्होंने आगे कहा कि अफल गुरु को फांसी देनी थी या नहीं? जो आतंक फैलाएगा उसका जवाब फांसी से ही दिया जाएगा। शिंदे साहब ने कुछ दिन पहले कहा कि मैं मंत्री तो था पर लाल चौक आने से डरता था, पर आज शिंदे साहब बुलेट प्रूफ गाड़ी की भी जरूरत नहीं है, आप परिवार के साथ आइए।

### ‘जम्मू में बनाएंगे इंटरनेशनल एयरपोर्ट’

शाह ने आगे कहा कि भाजपा की सरकार आने पर हम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की सालाना किस्त 6 हजार से बढ़ाकर 10 हजार करेंगे। जम्मू में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनेगा, जम्मू में मेट्रो आएगी. हम हर साल आतंकवादियों की ओर से नष्ट किए गए 100 मंदिरों का जीर्णोद्धार करेंगे। हम अग्निवीरों को शत-प्रतिशत नौकरी देने का काम करेंगे।



### ‘पाकिस्तान समर्थित दलों के साथ कांग्रेस : सीएम योगी


**रामगढ़।** जम्मू-कश्मीर के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पाकिस्तानी समर्थित दलों के साथ है और उसका असली चेहरा आरक्षण विरोधी है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, “मैं अयोध्या धाम की धरती उत्तर प्रदेश से आपके बीच आया हूं. अयोध्या भगवान राम की जन्मभूमि है, और उनके नाम पर जम्मू में रामगढ़ बना है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय तक कांग्रेस का शासन रहने के बावजूद उसने अयोध्या की समस्या का समाधान नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा, “आप सबने मोदी जी पर विश्वास किया, और 500 वर्षों की अयोध्या की समस्या ऐसे हल हुई, जैसे यह कोई समस्या थी ही नहीं।

**1 अक्टूबर को होगी तीसरे चरण की वोटिंग**

जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। 2019 में आर्टिकल-370 हटाने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है। जम्मू-कश्मीर में 90 विधानसभा क्षेत्र हैं। 18 सितंबर को पहले फेज की वोटिंग हो चुकी है। 25 सितंबर को दूसरे फेज और 1 अक्टूबर को तीसरे फेज की वोटिंग होगी। 8 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक यहां 88.06 लाख वोटर हैं।

**करनाल की रैली में भाजपा सरकार पर बरसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी**

## प्रधानमंत्री मोदी ने ‘व्यवस्थित रूप से’ रोजगार व्यवस्था को किया खत्म



एजेंसी ▶▶| करनाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और उन पर देश में रोजगार व्यवस्था को ‘व्यवस्थित रूप से’ खत्म करने का आरोप लगाया। करनाल के असंध में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता ने विश्वास जताया कि कांग्रेस पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करेगी। रैली में कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख उदयभान और अन्य नेता मौजूद थे। भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि उसने हरियाणा को ‘बर्बाद’कर दिया है। गांधी ने अपनी हालिया अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने हरियाणा के कुछ प्रवासियों से मुलाकात की जो बेहतर भविष्य की तलाश में वहां गए थे क्योंकि उन्हें अपने गृह राज्य में रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे थे। टेक्सास के डलास में एक कमरे में हरियाणा के 15 से 20 युवक रह रहे थे।

### पहली बार मंच पर एक साथ दिखे हुड्डा-सैलजा

हरियाणा विधानसभा चुनाव में नाराजगी की खबरों के बीच पहली बार पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा एक साथ मंच पर दिखे। मौका था राहुल गांधी की असंध में रैली का। दोनों ने राहुल गांधी के अगल-बगल बैठे नजर आए। अपने भाषण के दौरान कुमारी सैलजा ने पूर्व सीएम हुड्डा को भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी कहकर संबोधित किया। रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी के यहां आने से लोगों का उत्साह बढ़ गया है।

### हरियाणा में बीजेपी के लिए अब कोई मौका नहीं : भूपेश

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी हरियाणा में चुनाव प्रचार करते दिखेंगे।



उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी सांसद कंगना रनौत पर तंज कसते हुए दावा किया कि हरियाणा में बीजेपी के लिए अब कोई मौका नहीं है। पीएम मोदी की ‘कांग्रेस कमजोर हो रही है’ टिप्पणी पर भूपेश बघेल ने मीडिया से बातचीत में कहा, ‘’वह (पीएम मोदी) भ्रम में हैं। जब भी स्थिति में थोड़ा सुधार होता है, कंगना रनौत जैसे सांसद बयान देते हैं और सब कुछ उसी स्तर पर वापस आ जाता है। बीजेपी के पास हरियाणा में कोई मौका भी नहीं है।

**पीएम मोदी ने भी जमकर साधा निशाना**

### ‘कमजोर पड़े कांग्रेस के लाउडस्पीकर, भाजपा को मिलेगा एक और मौका’

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को हरियाणा में प्रचार के दौरान कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि जैसे-जैसे मतदान की तारीख करीब आ रही है कांग्रेस का माहौल बताने वाले लाउडस्पीकर कमजोर पड़ गए हैं। पीएम ने कहा कि भाजपा के लिए समर्थन बढ़ रहा है, जबकि कांग्रेस अपनी जमीन खो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस अपना ज़्यादातर समय आपसी लड़ाई में बिताती है और हरियाणा का बच्चा-बच्चा यह बात जानता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोगों ने राज्य की सेवा के लिए भाजपा को एक और मौका देने का फैसला कर लिया है।



#### चुनावी रणनीति का एक ही रहस्य

हरियाणा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने आगामी राज्य चुनावों के लिए बूथ स्तर पर कार्य पर चर्चा की और उन्हें चुनाव जीतने के लिए पार्टी की रणनीति तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया। पीएम मोदी ने कहा कि इन दिनों आप लोग ‘मेरा बूथ सबसे मजबूत’ के मंत्र के साथ अपने बूथ पर चौबीसों घंटे कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि चुनावी रणनीति का एक ही रहस्य है और वह यह है कि जो मतदान केंद्र जीतता है, वही चुनाव जीतता है।

## देशसेवा के जवानों के जज्बे पर पूरे देश को गर्व : राष्ट्रपति मुर्मू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चीन के साथ लंबे समय से जारी एलएसी विवाद के बीच गुरुवार को सशस्त्र सेनाओं की शीर्ष कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया। यहां उन्होंने सबसे पहले दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में सियाचिन युद्ध स्मारक पर देशसेवा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान करने वाले बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उसके बाद अपने संबोधन में कहा कि जबरदस्त बर्फबारी और शून्य से 50 डिग्री नीचे तापमान जैसी कठिन परिस्थितियों के बीच जिस तरह से



पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ हमारे जवान देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। उनके इस जज्बे पर पूरे देश को गर्व है। सियाचिन युद्ध स्मारक 13 अप्रैल 1984 को सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना के ऑपरेशन मेघदूत शुरू करने के बाद से शहीद हुए सैनिकों और अधिकारियों के बलिदान का प्रतीक है।

## घरेलू हिंसा कानून, हर धर्म की महिला पर लागू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू हिंसा अधिनियम पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते कहा कि घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 हर महिला पर लागू होता है। चाहे उस महिला की धार्मिक संबद्धता और सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और एन कोटिस्वर की पीठ ने कहा कि 2005 में बना कानून हर महिला के अधिकार की रक्षा करता है। शीर्ष अदालत ने भरण-पोषण और मुआवजा देने से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला द्वारा दायर अपील पर फैसला सुनाया। महिला ने अधिनियम की धारा 12 के तहत एक याचिका दायर की थी।

## कुछ कट के बाद ही मिलेगी कंगना की ‘इमरजेंसी’ को रिलीज की परमिशन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने गुरुवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में बताया है कि अगर कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को कुछ कट्स के बाद रिलीज होने की मंजूरी दी जा सकती है। कंगना की फिल्म इमरजेंसी पहले 6 सितंबर को रिलीज होनी थी, लेकिन सेंसर बोर्ड से मंजूरी न मिलने के चलते इसकी रिलीज अटक गई। कंगना रनौत का आरोप है कि सेंसर बोर्ड फिल्म को सर्टिफिकेट जारी नहीं कर रहा है और फिल्म की रिलीज में देरी कर रहा है। सीबीएफसी के वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने कोर्ट को बताया कि बोर्ड की समीक्षा समिति ने फिल्म को लेकर फैसला ले लिया है। समिति ने सुझाव दिया है कि कुछ कट्स के साथ फिल्म रिलीज हो सकती है। इस पर जी एंटरटेनमेंट की तरफ से पेश हुए वकील शरण जगतियानी ने कोर्ट से कुछ समय मांगा है ताकि यह फैसला लिया जा सके कि कट्स लगाए जा सकते हैं या नहीं।

- सेंसर बोर्ड ने हाईकोर्ट में दी जानकारी



### कंगना ने निभाई इंदिरा गांधी की भूमिका

रनौत ने अपनी फिल्म इमरजेंसी में अभिनय के साथ ही उसका निर्देशन और सह-निर्माण भी किया है। फिल्म में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म को लेकर कुछ सिंख संगठनों ने आपत्ति जताई थी। इनमें शिरोमणि अकाली दल भी शामिल है। इन संगठनों का आरोप है कि फिल्म में सिख समुदाय को गलत तरीके से पेश किया गया है और कई ऐतिहासिक तथ्य गलत दिखाए गए हैं।

**तिरुपति लड्डू विवाद**

**पूर्व सीएम जगन रेड्डी के मंदिर में अनुष्ठान के ऐलान पर टीडीपी का अल्टीमेटम**

## ‘लिखित में दें बालाजी में विश्वास है, तब मिलेगी एंट्री’

- लड्डू बनाने के लिए घटिया सामग्री और पशु चर्बी के इस्तेमाल पर मचा हुआ है देशभर में बवाल



**नई दिल्ली।** वायएसआर कांग्रेस पार्टी चीफ और आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी शनिवार 28 सितंबर को भगवान वेंकटेश्वर (बालाजी) के मंदिर जाएंगे। तिरुपति प्रसादम में एनिमल फैट मिलाए जाने के आरोपों के बीच जगन मंदिर में विशेष अनुष्ठान करने का ऐलान कर चुके हैं।

जगन के इस ऐलान पर तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने कहा है कि उन्हें एंट्री तभी मिलेगी, जब वे मंदिर के उस घोषणापत्र पर साइन करेंगे, जिसमें लिखा हो कि उन्हें भगवान बालाजी पर विश्वास है। पार्टी का आरोप है कि इतने साल से वे साइन किए बिना ही मंदिर में गए हैं। दरअसल, हिंदुओं के अलावा बाकी धर्मों के लोग जो भगवान बालाजी के दर्शन करना चाहते हैं, उनके लिए तिरुपति मंदिर में घोषणापत्र पर साइन करने की एक प्रथा है। एपी राजस्व बंदोबस्ती-1 के तहत गैर हिंदुओं को दर्शन से पहले वैकुंठम परिसर में यह घोषणा करनी होती है।

### घी देने वाली कंपनी के खिलाफ एफआईआर

*इधर, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने मिलावटी घी देने वाली तमिलनाडु की एआर डेयरी के खिलाफ तिरुपति ईस्ट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करा दी है। मामला आज एसआईटी को सौंपा जा सकता है। लड्डू विवाद तब शुरू हुआ, जब सीएमचंद्रबाबू नायडू ने 18 सितंबर को आरोप लगाया था कि वायएसआर कांग्रेस सरकार में तिरुपति मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी वाला वनस्पति तेल और फिश ऑयल मिलाया गया था।*

#### यह है पूरा विवाद

*कुछ दिन पहले ही सीएम नायडू ने एनडीए विधायक दल की बैठक में आरोप लगाया था कि पिछली जगन रेड्डी की वायएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डू बनाने के लिए घटिया सामग्री और पशु चर्बी का इस्तेमाल किया। इन आरोपों ने पूरे देश में बड़े पैमाने पर विवाद को जन्म दे दिया है।*




रायपुर
शुक्रवार, 27 सितंबर 2024
आशिवन कृष्ण पक्ष दशमी
वर्ष : 23, अंक : 72
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 30.2
न्यूून. 25.6

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



06 एयरपोर्ट पर खराब अनुभव से गुजरीं
विचार पेज
02 प्रथम 'अतुल्य भारतीय' का विजन




# अब मनपसंद एप बताएगा, किस ब्रांड की शराब किस दुकान में मिलेगी

जिया कुरैशी ▶▶ रायपुर

**अलग खबर**

यह खबर शराब के उन शौकीनों के लिए बड़े काम की है, जो सरकारी दुकानों से शराब तो खरीदते हैं, लेकिन जब मनपसंद ब्रांड नहीं मिलता, तो उन्हें मायूसी होती है। दरअसल राज्य सरकार का आबकारी विभाग अब एक ऐसा एप्लीकेशन(एप) लाने की तैयारी में है जिससे यह आसानी से मालूम हो जाएगा कि किस दुकान में शराब का कौन सा ब्रांड उपलब्ध है?

छत्तीसगढ़ में पीने-पिलाने के शौकीनों को पिछले कुछ समय से इस बात की शिकायत है कि उन्हें पसंद की शराब,बीयर,माल्ट वगैरह नहीं मिल रही है। लेकिन अब आबकारी विभाग अपने ग्राहकों की इस परेशानी को खत्म करने की तैयारी में लग गया है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार विभाग जल्द ही मनपसंद नाम से एक एप्लीकेशन लांच करने की तैयारी में है। बताया गया है कि चिप्स के माध्यम से एप बनाया जा रहा है।

### सभी ब्रांड न मिलने से राजस्व में कमी

आबकारी विभाग के सूत्रों के अनुसार शराब दुकानों में ग्राहकों को मनपसंद ब्रांड न मिलने से केवल पीने वालों को परेशानी नहीं है। ये बात सरकार के लिए भी परेशानी की वजह बन सकती है। क्योंकि सरकार को आबकारी राजस्व के रूप में हर साल हजारो करोड़ रुपए मिलते हैं। एक साल पहले तक आबकारी राजस्व करीब छह हजार करोड़ रुपए था, इसे अब करीब दोगुना बढ़ाने का लक्ष्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पसंदीदा ब्रांड न मिलने की शिकायत होगी दूर, कई राज्यों से बड़े ब्रांड की शराब आ रही



### किस दुकान में कौन सा ब्रांड है...

अब आबकारी विभाग जो एप्लीकेशन लांच करने की तैयारी में है उससे यह पता चल जाएगा कि किस क्षेत्र की कौन सी शराब दुकान में कौन कौन से ब्रांड उपलब्ध हैं। वहां से खरीदी आसान होगी। बताया गया है कि शराब दुकानों में कई बार ऐसा भी होता है कि वहां के सेल्समैन कुछ खास ब्रांड को बढ़ावा देने की कोशिश में उनकी सेल में दिलचस्पी लेते है, कुछ ब्रांड को दबा दिया जाता है। अब ऐसा भी नहीं हो पाएगा। सूत्रों के अनुसार राज्य में अगले एक दो दिनों में दिल्ली, पंजाब हरियाणा, सहित अन्य राज्यों से बड़ी मात्रा में शराब,बीयर विहस्की आदि यहां लाई जा रही है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## देश के कई राज्यों में मानसून की विदाई में देरी
# कुछ दिन और होगी बरसात



### कोणार्क मंदिर में जलभराव



ओडिशा में भारी बारिश की आशंका के मद्देनजर पुरी जिला प्रशासन ने सभी विद्यालयों को बंद करने की घोषणा की। कोणार्क सूर्य मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले पर्यटकों को पानी भर जाने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा।

*देश के कुछ हिस्सों से बारिश ने अलविदा कह दिया है, लेकिन इस बार कई राज्यों में मानसून की विदाई मे देरी हो रही है। गुरुवार को महाराष्ट्र, गुजरात और ओडिशा में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा। मुंबई में लोकल ट्रेनें ठप हो गई, उड़ानों पर असर दिखा, वहीं 5 लोगों की मौत हो गई। गुजरात में भी बाढ़-बारिश से छह जानें चली गईं। इधर, राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में बारिश हुई।*

- *मुंबई में लोकल ट्रेनें ठप, उड़ानों पर भी दिखा असर*
- *पुरी में स्कूल-कॉलेजों की छुट्टी, कोणार्क मंदिर में जलभराव*
- *गुजरात के कई जिलों में बाढ़ का कहर*

# मूसलाधार आफत!

## गुजरात-महाराष्ट्र में 10 की मौत, छग में भी झमाझम

एजेंसी ▶▶ मुंबई/अहमदाबाद

आईएमडी ने गुरुवार की सुबह के लिए मुंबई और उसके आसपास के जिलों ठाणे, पालघर और रायगढ़ के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया था। यहां भारी बारिश से पांच लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में भारी बारिश के दौरान अपने परिवार के सदस्यों के साथ घूमने गई 22 वर्षीय एक महिला की झरने में डूबने से मौत हो गयी। इससे पहले बुधवार को उपनगर अंधेरी में भारी बारिश के कारण 45 वर्षीय महिला नाले में डूब गई थी।

इधर, गुजरात के कुछ जिलों में मौजूदा स्थिति में बने हुए साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से मध्य और दक्षिण गुजरात मे बारिश हो रही है। बीतें 24 घंटो में गुजरात के 33 में से 29 जिलों के 181 तालुका में बारिश दर्ज की गई है।

### पीएम मोदी ने रद्द किया पुणे दौरा

पुणे में भारी बारिश की वजह से गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महाराष्ट्र दौरा रद्द कर दिया गया। प्रधानमंत्री पुणे का दौरा करने वाले थे, जहां उन्हें 20,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और कुछ का लोकार्पण करना था।

### गुजरात में तूफान का कहर

गुजरात के सूरत में बुधवार शाम 2 घंटे में 2 इंच बारिश हुई। कदरसा और संग्रामपुरा इलाके में नहरों में बाढ़ आ गई। बच्चे स्कूलों में फंस गए, जिन्हें दमकल ने रेस्क्यू किया। आंधी-वर्षा के कारण वडोदरा में सर्वाधिक नुकसान होने की जानकारी मिली है। बुधवार शाम 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी में 4 लोगों की मौत हो गई और 300 से अधिक पेड़, बिजली के पोल और होर्डिंग गिर गए। गुजरात में अगले चार दिनों तक बारिश से राहत मिलने की संभावना नहीं है।



### छत्तीसगढ़ में आकाशीय बिजली की 10 से अधिक घटनाएं

**रायपुर/बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में सक्रिय हुए मानसून ने गुरुवार को अपना असर दिखाया। राजधानी रायपुर, बिलासपुर समेत प्रदेश के कुछ इलाके में सुबह से ही जमकर बारिश होती रही, लगातार पानी गिरने से तापमान तेजी से नीचे गिरा। मौसम विभाग के अनुसार जिले में पिछले 24 घंटे में 40 मिमी बारिश दर्ज की गई। खास बात यह है कि इस दौरान बिजली गिरने की भी 10 से अधिक घटनाएं जिले में हुई हैं। मौसम जानकारों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दाब का क्षेत्र बनने के कारण पिछले तीन दिनों से खंड वर्षा जैसी स्थिति है। जिले में कहीं कम तो कहीं ज्यादा बारिश ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### मजदूरों के लिए बढ़ाई न्यूनतम मजदूरी दर




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर बढ़ाने का ऐलान किया है। नई दरें 1 अक्टूबर से लागू होंगी। केंद्रीय प्रतिष्ठानों में भवन निर्माण, लोडिंग और अनलोडिंग, वॉच एंड वार्ड, स्वीपिंग कर्मियों सहित अन्य को भी फायदा होगा।

### पुजारियों की देखरेख में ही तैयार करें प्रसाद



**अयोध्या।** राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने देशभर में बेचे जा रहे तेल और घी की शुद्धता पर सवाल उठाते हुए गुरुवार इनकी जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि देवताओं को चढ़ाया जाने वाला प्रसाद मंदिर के पुजारियों की देखरेख में ही तैयार किया जाना चाहिए।

### होटल से बंदूक और छह गोलियां बरामद



**इरोड।** तमिलनाडु के इरोड जिले में एक होटल के बंद कमरे से 50 साल पुरानी एससीबीएल बंदूक और छह गोलियां बरामद हुई हैं। पुलिस की एक टीम ने सत्यमंगलम मुख्य सड़क पर स्थित होटल पर छापा मारा।

### भाजपा ने मप्र में बनाए एक करोड़ सदस्य



**भोपाल।** भाजपा ने दो से 25 सितंबर के बीच अपने सदस्यता अभियान के पहले चरण के तहत मप्र में एक करोड़ से अधिक सदस्यों को नामांकित किया है। पहले चरण में सदस्यता का आंकड़ा 1,00,81,432 है। मप्र भाजपा प्रमुख वीडी शर्मा ने जानकारी दी।

### लेबनान में जंग रोकने से नेतन्याहू का इंकार



**बेरूत।** अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा तत्काल 21 दिन के युद्धविराम का आह्वान किया। हालांकि इजराइल के प्रधानमंत्री गुरुवार को हिज्बुल्ला के साथ युद्धविराम की संभावनाओं को खास तवज्जो देते नहीं दिखे।

**बिहार के 15 जिलों की घटनाएं**

## जितिया त्योहार पर 37 बच्चों समेत 43 की डूबने से मौत



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में जितिया व्रत त्योहार के दौरान अलग-अलग घटनाओं में नदियों और तालाबों में पवित्र स्नान करते समय 37 बच्चों समेत 43 लोगों की डूबने से मौत हो गई तथा तीन अन्य लापता हो गए। बिहार में जितिया व्रत उत्सव काफी धूमधाम से मनाया जाता है लेकिन इस महोत्सव को लेकर स्नान के दौरान हादसा हो गया।

### सरकार ने किया मुआवजे का ऐलान

जितिया व्रत के अलावा 3 लोगों का अब भी पता नहीं चल पाया हैं। सीएम नीतीश कुमार के निर्देश पर अब तक 8 मृतकों के परिजनों को मुआवजा के रूप में चार-चार लाख रुपए का नकद भुगतान भी कर दिया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जानकारी जुटाई जा रही है।

*सरकारी कार्यालयों में कामकाज रहेगा ठप, 4 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन*

## आज सरकारी काम ठप स्कूलों में भी तालेबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले चौथे चरण के आंदोलन में प्रदेशभर के पौने पांच लाख कर्मचारी, अधिकारी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर 27 सितंबर को आंदोलन पर रहेंगे। इस दिन प्रदेशभर के स्कूलों में तालाबंदी कर शिक्षक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने 27 सितंबर को राज्य व्यापी कलमबंद-कामबंद, तालाबंद का आव्हान किया है। फेडरेशन ने मोदी की गारंटी लागू करने का ऐलान चौथे चरण में किया है। इस चरण में 33 जिला व ▶▶ शेष पेज 4 पर

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का आह्वान, आंदोलन में 100 से ज्यादा विभागों के अधिकारी-कर्मचारी होंगे शामिल



### जिला व विकासखंडों में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

आंदोलन के चौथे चरण में प्रदेश के 33 जिलों और 146 विकासखंडों में कर्मचारी व अधिकारी अपने लंबित मांगों को लेकर 27 सितंबर को प्रदर्शन करेंगे इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। विदित हो कि ▶▶ शेष पेज 4 पर




**मुठभेड़ में मारे गए तीन नक्सलियों पर था 49 लाख का इनाम**

# मदनवाड़ा एनकाउंटर में शामिल नक्सली कमांडर रूपेश मारा गया, एसपी चौबे समेत 29 जवान हुए थे शहीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नारायणपुर जिले के माड़ में दो दिन पूर्व हुए एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने तीन वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया था। मारे गए तीनों नक्सलियों पर 49 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। सबसे लंबे समय तक चलने वाली यह मुठभेड़ 5 दिन तक चली। जिसमें जवानों ने नक्सलियों को दिया मुहंतोड़ जवाब दिया ओर शीर्ष नक्सलियों को मार गिराया। इस मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली की शिनाख्त ▶▶ शेष पेज 4 पर



### मदनवाड़ा एनकाउंटर का मास्टरमाइंड भी मारा गया

आईजी ने बताया कि डीकेएसजेडसीएम रूपेश उर्फ कोलू उर्फ शांभा गोसाई मण्डावी कंपनी नंबर 10 का प्रभारी था। डीकेएसजेडसी रूपेश पर 66 आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीव्हीसीएम जगदीश उर्फ रमेश उर्फ सुखलाल पर 43 आपराधिक मामले गढ़चिरौली जिले में दर्ज होने की पुष्टि की गई। ऑपरेशन में मारा गया एसजेडसीएम रूपेश उर्फकोलू ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 9 माह में कई शीर्ष नक्सलियों को किया ढेर


आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि वर्ष 2024 में 9 माह के अंतराल में सुरक्षाबलों ने कई शीर्ष नक्सलियों को मार गिराया। इनमें तेलगांना के वारंगल निवासी 25 लाख के ईनामी डीकेएसजेडसी जोगन्ना, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली महाराष्ट्र निवासी रधेंर, टीएससी मेंबर व सीआरसी टू कमाण्डर सागर निवासी भूपलपल्ली तेलंगाना राज्य, डीवीसीएम शंकर राव भूपलपल्ली तेलंगाना राज्य, डीवीसीएम जगदीश जिला बालाघाट ▶▶ शेष पेज 4 पर

## चिंतन

# घरेलू हिंसा एक्ट सभी धर्म की महिलाओं पर लागू

घरेलू हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक आधार को स्पष्ट कर सभी महिलाओं को राहत प्रदान की है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में कहा है कि घरेलू हिंसा एक्ट देश की हर महिलाओं पर लागू होता है। यह एक सिविल नेचर का कानून है और यह भारत की हर महिला पर लागू होता है, चाहे वह महिला किसी भी धर्म या सामाजिक बैकग्राउंड से ताल्लुक रखती हो। उच्चतम न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरत्ना की अगुवाई वाली बेंच ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि घरेलू हिंसा एक्ट (डोमेस्टिक वॉयलेंस एक्ट) 2005 सभी वर्ग व धर्म की महिलाओं पर लागू होता है। महिलाओं को भारतीय संविधान में जो अधिकार मिले हुए हैं, उन अधिकारों की रक्षा करने के लिए यह कानून है। डोमेस्टिक वॉयलेंस एक्ट एक सिविल कोड की तरह है, इस तरह से यह भारत की तमाम धर्म व समुदाय से ताल्लुक रखने वाली महिलाओं पर लागू होता है। दरअसल, कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को महिला ने चुनौती दी थी। इस केस में सुप्रीम कोर्ट ने अपीलीय कोर्ट और हाईकोर्ट के फैसले को खारिज कर दिया। चूंकि भारतीय समाज में घरेलू हिंसा व्यापक है, यह सभी धर्मों व जातियों के सामाजिक ताने-बाने में है। घरेलू हिंसा से पुरुष व महिलाएं दोनों पीड़ित हैं, पर अधिकतर महिलाएं शिकार होती हैं। 32 फीसदी विवाहित महिलाएं घरेलू हिंसा का सामना करती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार, 18 से 49 वर्ष की आयु के बीच की 29.3% विवाहित भारतीय महिलाओं ने घरेलू/यौन हिंसा का सामना किया है; 18 से 49 वर्ष की 3.1% गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान शारीरिक हिंसा का सामना करना पड़ा है। आंकड़ों के मुताबिक, वैवाहिक हिंसा की शिकार 87 फीसदी महिलाएं मदद नहीं मांगती हैं। लैंगिक असमानता, मादक पदार्थों का सेवन, दहेज प्रथा, वित्तीय तनाव, सामाजिक-सांस्कृतिक मानक, असुरक्षा या अधिकार से उपजी एक साथी पर प्रभुत्व और नियंत्रण की इच्छा, सामाजिक व आर्थिक तनाव, मानसिक अवस्था, शिक्षा और जागरूकता का अभाव आदि के चलते परिवार में घरेलू हिंसा देखने को मिलती है। भारत में सख्त कानून है, लेकिन इसका दुरूपयोग भी होता है। परिवार में महिलाओं को सुरक्षा के लिए मजबूत कानूनी कवच है। कानून सभी महिलाओं के लिए समान है। कोई भी नहीं कह सकता है कि वह विशेष धर्म से है, तो उस पर घरेलू हिंसा एक्ट लागू नहीं हो सकता है। वर्ष 1979 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाया गया, महिलाओं के विरुद्ध सभी प्रकार के भेदभाव के उन्मूलन पर कन्वेंशन जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं के खिलाफ भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में कार्य करता है। लैंगिक आधार पर भूमिकाओं एवं शक्तियों के संबंध में विचारधाराओं में परिवर्तन लाना एक मूलभूत शर्त है। परस्पर सम्मान को बढ़ावा देने तथा समाज में व्याप्त पितृसत्तात्मक मानसिकता के उन्मूलन के लिए पुरुष-महिलाओं पर केंद्रित पहल आवश्यक हैं। कानून प्रवर्तन, सेवा प्रदाताओं और मजिस्ट्रेट जैसे हितधारकों के लिए लैंगिक परिप्रेक्ष्य से प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाना चाहिए। पूरी न्यायालयी प्रक्रिया के दौरान पीड़ितों को निःशुल्क अथवा कम लागत वाले विधिक सहायता तक पहुंच की सुविधा सुनिश्चित की जानी चाहिए। उत्तरजीवियों के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु रोज़गार संबंधी प्रशिक्षण व वित्तीय साक्षरता कौशल की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले से सभी वर्ग की महिलाओं को मदद मिलेगी।

# प्रथम 'अतुल्य भारतीय' का विज़न



पर्यटन दिवस
गजेन्द्र सिंह शेखावत

**इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एंबेसडर और हिमायती हैं। अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं। मैं यह देखकर अत्यंत विस्मित और प्रेरित होता हूं कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव पर्यटन को अत्यंत महत्व देते हैं। एक प्रधानमंत्री के रूप में वे निरंतर हमें यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए कार्य करना है। इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं।**

एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एम्बेसडर की जरूरत सामान्य बात थी। जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु प्रसिद्ध फिल्मी सितारों और खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे, ठीक उसी तरह यहां भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है। भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए मैंने सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर और हिमायती हैं। अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं। मैं यह देखकर अत्यंत विस्मित और प्रेरित होता हूं कि माननीय प्रधानमंत्री सदैव पर्यटन को अत्यंत महत्व देते हैं। एक प्रधानमंत्री के रूप में वे निरंतर हमें यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लम्बा सड़क नेटवर्क बनाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रूट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं, जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है।

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देशभर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। मोदी जी का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विज़ीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पिछले वर्ष जी-20 के कारण पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए। एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को 'देखो अपना देश' हेतु प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए। हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि



देखी गई है। पर्यटन में प्रधानमंत्री की निजी रुचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए मैं बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। तब से मेरा निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें। पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है।

वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है। प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए और उपाय किए गए। स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई। अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया। पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरुआत की गई। इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी। इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था।

एकता नगर के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है, एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है । स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब 'सरकार के हर स्तर पर' चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरुआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं। साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें। इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें। प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विज़न से प्रेरित होकर, मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्र-व्यापी पोल शुरू किया है ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें। शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके। ऐसा कोई भी दिन नहीं जाता जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमें विकसित भारत के अपने विज़न की याद न दिलाएं। पर्यटन हमें उस महान विज़न को पूरा करने के लिए अनेक अवसर प्रदान करता है। इस विश्व पर्यटन दिवस पर, मैं इस विजन को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए आप सबका आह्वान करता हूं, ताकि हम अपने प्रधानमंत्री की ही तरह 'अतुल्य भारतीय' बन सकें ।

*(लेखक केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## इजराइल-हमास युद्ध

डॉ. एस.डी. वैष्णव



# बादशाह से पहले वज़ीर की ख़बर ले रहा है इजराइल

कवि बिलाल पठान 'वास्कोडिगामा' की एक कविता याद आ रही है- 'युद्धों के उत्तर हमेशा शून्य आते हैं/ एक दिन आग से मुठभेड़ करते हुए पानी मारा गया और एक दिन पानी से मुठभेड़ करते हुए आग मारी गई।' वर्तमान की वैश्विक परिस्थितियों के मध्यनजर यह कविता बहुत प्रासंगिक बन जाती है। आज हम जिस युद्धाक्रांत समय के साये में जी रहे हैं, वहां से सिर्फ भय और टकराहट की लपटें उठती नजर आ रही हैं। 8 अक्टूबर 2023 को मिडिल-ईस्ट में हमास ने जिस युद्ध का आगाज़ किया, अब एक साल बाद उसका परिणाम पूरी दुनिया के सामने है। कुछ दिन पूर्व लेबनान में पेजर और वॉकी-टॉकी ब्लास्ट में अपने दर्जनों लड़ाके गंवा चुके हिज्बुल्लाह ने प्रत्युत्तर में इजराइल पर ताबड़तोड़ रॉकेट हमले किए। इधर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी साफ संकेत दिया है कि इजराइल को नुकसान पहुंचाने वाले को हम मिट्टी में मिला देंगे। और यह चेतावनी उन्होंने हिज्बुल्लाह, हमास और हूती विद्रोहियों को एक साथ दी है। इसके बाद इजराइल ने लगातार लेबनान पर हवाई हमले किए, जिससे वहां के निवासियों के सामने विस्थापन की समस्या उत्पन्न होने लगी है। युद्ध के मोर्चे पर इजराइल 'थ्रीएच' से एक साथ संघर्ष कर रहा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने भी साफ कहा है कि यदि ईरान ने इजराइल के खिलाफ ऐसा कोई कदम उठाया, तो इजराइल के समर्थन में वे उसे मुंहतोड़ जवाब देंगे। इधर इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद जिस तरह से अपना काम कर रही है, मेरे जेहन में उनके द्वारा किया गया 'ऑपरेशन थंडरबोल्ट' बार-बार उठ रहा है। मोसाद अपनी आगे की रणनीति पर पहले से ही काम करना शुरू कर देती है और समय आने पर उसे अंजाम भी देती है। इजराइल-फिलिस्तीन का जमीनी मुद्दा बहुत पुराना है। कई बार इन दोनों देशों के बीच आपसी हमले भी हुए हैं। वहां की सरजमीं पहले भी कई दफ़ा रक्त रंजित हुई है।

इतिहास में झांककर देखेंगे तो वहां बहुत कुछ उठा-पटक मिलती है। लेकिन, इस बार बात कुछ ज्यादा ही आगे बढ़ गई। 8 अक्टूबर 2023 को जब हमास तंजीम ने इजराइल पर हमला किया तब से पूरे मिडिल-ईस्ट में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। इस हमले के बाद से इस्माइल हानिया मोसाद के निशाने पर था। युद्ध शुरू हुए एक साल पूरा होने आया है और हालात लगातार बदतर होते जा रहे हैं। कई दृश्य हमें विचलित करते हैं। युवा पीढ़ी को हमसमर सता की बजाय हिंसा का पाठ पढ़ा रहे हैं। क्या वाकई में यह स्थितियां खतरनाक नहीं हैं..? इजराइल-हमास युद्ध के बरक्स कुछ युद्ध पिपासु और वॉर इकोनॉमी की आड़ में अपनी जेबें भरने वालों ने पूरी दुनिया को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। जबकि मानव जीवन का ध्येय यह होना चाहिए कि विश्वभर में शांति बनी रहे। महाविनाश के इस दौर में मनुष्यता की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगे आकर इन युद्धों पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए। अन्यथा मिडल-ईस्ट में जिस तरह के हालात उपज रहे हैं, उनसे लग रहा है कि युद्ध अवश्य विस्तारित होगा। इसलिए समय रहते धैर्य, संयम और शांति के साथ, बातचीत के जरिए मिडल-ईस्ट में शांति स्थापित की जानी चाहिए। युद्ध विराम हेतु अपने व्यक्तिगत हितों और आपसी टकराहटों से ऊपर उठकर अमेरिका और रूस को एक मंच पर आना चाहिए जिसकी अध्यक्षता भारत के हाथों में हो। इस निर्मम समय में महाविनाश को रोकने की बजाय महाशक्तियां एक-दूसरे के पक्ष-विपक्ष में खड़ी तीसरे विश्व युद्ध की पटकथा लिख रही हैं। इस कारण आज दुनिया भी दो अलग-अलग मोर्चों पर खड़ी नजर आती है। इजराइल और हमास के बीच छिड़े युद्ध ने विश्व को तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। गाज़ा पट्टी तो पूरी तरह से खंडहरों में तब्दील हो चुकी है। क्या अतीत में हुए दो विश्व युद्धों से उठी कराहती हुई चित्कारें हम भूल रहे हैं? इस बात की सनद रहनी चाहिए कि उन युद्धों के अमिट निशां अब भी मौजूद हैं। युद्धों के इतर हमें उस मनुष्य की खोज करनी है जिसके हिस्से का आकाश बहुत छोटा है। हम विनम्र, सदाचारी और परोपकारी बनें, क्योंकि मनुष्यता की रक्षा के लिए यह समय बहुत विकट हालातों से भरा हुआ है। बहरहाल, जय-पराजय का यह समर किस मोड़ पर जाकर रुकेगा, यह अभी कहा नहीं जा सकता। लेकिन, दो महायुद्धों के बीच जन्मी प्रसाद की कामायनी का यह छंद- ''दुःख की पिछली रजनी बीच, विकसता सुख का नवल प्रभात'' इस बात की ताकीद करता है कि दुख की पिछली रजनी को लांघकर, कभी न कभी सुख का नवल प्रभात अवश्य खिलेगा और उस दिन सारा विश्व समरसता की गूंज से भर उठेगा।

*(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


# आनंद, जिसे कहीं बाहर खोजने की जरूरत नहीं



संकलित
## दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं।

# श्रमरहितजीवन विकास के द्वार बंद करता है



संकलित
## प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछाः हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोलाः हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछाः अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहाः मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूँ। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोलाः महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूँ, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहाः नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोलाः किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती की जा रही है। अगर किसी नाबालिग को वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन ने इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए, स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया और स्कूलों ने विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे हैं कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैल्मेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए जरूर करना चाहिए, न कि चालान के डर से।

*- सांकेत वर्मा, भाटापारा*

## ट्रेंड


### भगवान शिव से प्रार्थना की



राजस्थान के सूरसागर की पूर्व विधायक और भाजपा की वरिष्ठ नेता सूर्यकांता व्यास के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। क्षेत्र में जनकल्याण के अपने कार्यों के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। ओम शांति!

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सड़कें जल्द ठीक होंगी



उन्होंने मुझे जेल भेजकर दिल्ली के काम रोक दिए थे। आज मैंने मुख्यमंत्री आतिशी जी के साथ दिल्ली यूनिवर्सिटी में एक सड़क का निरीक्षण किया। दिल्ली की सड़कों को जल्द ठीक कराया जाएगा। अब मैं वापस आ गया हूँ, दिल्ली के लोग चिंता न करें।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम दिल्ली

### अपने सपनों को पूरा करें



एक बार जब आप कुछ शुरू करते हैं, तो सुनिश्चित करें कि अपने सपनों को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, चाहे यह कितना भी कठिन क्यों न हो। आगे बढ़ने वाला हर छोटा कदम आपको महानता के करीब लाता है।

- मनु भाकर, भारतीय शूटर

### 'ताल' की 25वीं वर्षगांठ




मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि मुंबई में फिल्म ताल की 25वीं वर्षगांठ मनाने और जनता की मांग पर 136 थिएटरों में ताल की रिलीज के लिए फिर से ताल के होर्डिंग्स दिखाई देंगे। बड़े पर्दे पर संगीतमय चलचित्र देखना युवाओं के लिए नया अनुभव होगा।

-सुभाष घई, फिल्म निर्देशक

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया के पास बम बनाने के लिए पर्याप्त यूरेनियम



दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने बृहस्पतिवार को सांसदों को बताया कि ऐसी आशंका है कि उत्तर कोरिया ने कई बम बनाने के लिए पर्याप्त यूरेनियम संवर्धन कर लिया है और वह दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने के लिए अधिक शक्तिशाली व सटीक निशाने लगाने वाली मिसाइलें बनाने के अपने प्रयासों में आगे बढ़ रहा है। इस महीने की शुरुआत में उत्तर कोरिया ने हथियार बनाने के लिए आवश्यक यूरेनियम के उत्पादन के लिए स्थापित एक गुप्त संयंत्र की दुर्लभ झलक पेश की थी, जिसके बाद दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने सांसदों को स्थिति से अवगत कराया है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन परमाणु हथियारों के भंडार को तेजी से बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहरा चुके हैं। बैठक में भाग लेने वाले सांसदों में से एक ली सियोंग-क्वेन के अनुसार, दक्षिण कोरियाई एजेंसी का आकलन है कि किम द्वारा संयंत्र के बारे में खुलासा करने का उद्देश्य संभवतः अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले वाशिंगटन को चेतावनी देना और गहराते आर्थिक संघर्षों के बीच घरेलू स्तर पर अपनी सैन्य उपलब्धियों का प्रदर्शन करना था।

## ऑफ बीट

# भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की कमी होगी




आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## कार्यालय नगर पालिक निगम
जोन क्र.04 नेहरु काम्पलेक्स व्यापार विहार बिलासपुर (छ.ग.)
तृतीय निविदा विज्ञप्ति

नि.क्रं.43/न.पा.नि./जनकार्य-4/24-25 बिलासपुर दिनांक 25.09.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 06.10.2024 को सायं 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.25 संजय आपार्टमेंट में डामरीकृत रोड निर्माण कार्य। | 13.28 लाख रु. |

शर्तें:- निविदा से संबंधित अन्य जानकारी जोन क्र.04 व्यापार विहार नेहरु काम्पलेक्स नगर पालिक निगम बिलासपुर से अथवा निगम की वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से प्राप्त की जा सकती है।

जोन कमिश्नर, जोन क्र.04
नेहरु काम्पलेक्स व्यापार विहार
बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.



## न्यायालय तहसीलदार बीजापुर, जिला- बीजापुर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र- 202409180100014/अ-19(3)/2023-24 साकिन बीजापुर तहसील बीजापुर

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा ग्राम बीजापुर के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संयुक्त निदेशक, एस.आई.बी. (गृह मंत्रालय भारत सरकार) रायपुर के द्वारा खसरा नक्शा, खसरा पांचसाला एवं नजरी नक्शा प्रस्तुत कर ग्राम बीजापुर तहसील बीजापुर जिला- बीजापुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 172/1 शासकीय भूमि रकबा 4.9470 हे. में से रकबा 0.048 हे./ 0.12 एकड़ को आबंटित किये जाने आवेदन प्रस्तुत कर भूमि की मांग की गई है। उक्त प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बीजापुर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा किसी अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 04/10/2024 के पूर्व इस न्यायालय पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 20/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा के साथ ईश्तहार जारी की गई।

मुहर

तहसीलदार
बीजापुर


## मिनटों में 500 साल की कैलकुलेशन, मौसम की सटीक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के अंतर्गत स्वदेश में विकसित लगभग 130 करोड़ रुपए की लागत के तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए। ये सुपर कंप्यूटर बेहद तेज और शक्तिशाली हैं, जो जटिल गणनाओं को मिनटों में पूरा कर सकते हैं। सामान्य कंप्यूटरों को वही काम करने में 500 साल लग सकते हैं। पीएमओ के अनुसार, यह परियोजना मौसम संबंधी अनुप्रयोगों के लिए भारत की कम्प्यूटेशनल क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण कदम है। पीएमओ ने कहा कि दो प्रमुख स्थलों पुणे में भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान और नोएडा में राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र में मौजूद इस एचपीसी प्रणाली में असाधारण कंप्यूटिंग शक्ति है।

## राहुल, कंगना को जगह, केंद्र की 24 संसदीय समितियों का गठन



नई दिल्ली। केंद्र की मोदी सरकार ने 24 संसदीय समितियों का गठन कर दिया है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी को रक्षा मामलों की समिति का सदस्य बनाया गया है। वहीं कांग्रेस सांसद शशि थरूर विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष बनाए गए हैं, जबकि रामगोपाल यादव को स्वास्थ्य समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इनके अलावा बीजेपी सांसद राधा मोहन सिंह रक्षा मामलों की समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बीजेपी नेता राधा मोहन दास अग्रवाल गृह मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष बनाए गए है। वित्त मामलों की संसदीय समिति की कमान बीजेपी सांसद भर्तृहरि महताब को मिली है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को महिला, शिक्षा, युवा और खेल मामलों की संसदीय समिति की कमान मिली है। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे संचार और आईटी समिति के अध्यक्ष बनाए गए है। कंगना रनौत इसी समिति की सदस्य बनाई गई है। राम की भूमिका निभा चुके अरुण गोविल विदेश मामलों की समिति के सदस्य बनाए गए है। बीजेपी नेता सी एम रमेश रेल मामलों की समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गए है।

## स्वामीनारायण मंदिर को असामाजिक तत्वों ने फिर बनाया निशाना

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** अमेरिका में हिंदू मंदिरों को लगातार निशाना बनाने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला केलिफोर्निया के सैक्रोमेंट स्थित स्वामीनारायण मंदिर (बीएपीएस) से जुड़ा हुआ है। जहां कुछ असामाजिक तत्वों ने मंदिर को निशाना बनाया और उसकी दीवारों पर हिंदू विरोधी नारेबाजी की है। इनमें लिखा है 'हिंदुओं वापस जाओ'। मंदिर प्रशासन का कहना है कि हिंदू इस नफरत के खिलाफ एकजुट हैं। इस घटना के संबंध में हम कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।


## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
कलमना (KAV) गुड्स शेड के अपग्रेडेशन/मॉडर्नाइजेशन के संबंध में इलेक्ट्रिकल (जी) वर्क्स

ई-निविदा सूचना ■ दिनांकः 25.09.2024
इलेक्ट्रीकल विभाग(टीआर-डी) ■ खुली निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र.: GSU-EL-G-NAG-2024-25-06, दिनांक 25.09.2024. कार्य का नामः द.पू.म. रेलवे/नागपुर मंडल के कलमना (KAV) गुड्स शेड के अपग्रेडेशन/ मॉडर्नाइजेशन के संबंध में इलेक्ट्रिकल (जी) वर्क्स। बिड सिक्युरिटी मनीः ₹ 2,15,700/-. निविदा मूल्यः ₹ 1,31,41,633/-. इलेक्ट्रॉनिक ऑफर्स की प्रस्तुति (ऑनलाइन) की अंतिम तिथिः 18.10.2024 को 15.00 बजे। उपरोक्त निविदा के लिए, अधिक जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

मंडल विद्युत अभियंता/जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर.
ML/13/116

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

// बिजली बंद की सूचना //

सभी सम्मानीय उपभोक्ताओं को सादर सूचित किया जाता है कि वितरण केन्द्र **गोकुलपुर** के अंतर्गत विद्यमान 33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. लाईनों का दिवाली पूर्व रखरखाव एवं मरम्मत कार्य किया जाना है। अतः संबंधित तिथियों में उन क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रातः 09:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक बाधित रहेगी।

| दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 27.09.2024 | शुक्रवार | 33 के.व्ही. अभनपुर फीडर | 33/11 के.व्ही. रूद्री उपकेन्द्र से संबंधित ग्राम |
| 28.09.2024 | शनिवार | 11 के.व्ही. रूद्री फीडर | रूद्री बस्ती, बेंद्रानवागांव, कलेक्टर कॉलोनी, ऐरीगेशन कॉलोनी, जलविहार, कृष्णा नगर, श्रीनगर एवं लगे हुए अन्य कॉलोनी |
| 30.09.2024 | सोमवार | 11 के.व्ही. भटगांव फीडर | भटगांव, सोरम, बोरिदखुर्द, बेलतरा, खिड़कीटोला, डांगीमाचा |
| 14.10.2024 | सोमवार | 11 के.व्ही. भोयना फीडर | मुड़पार, बरारी, कोटाभर्री, अछोटा |
| 16.10.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही. टाउन वन फीडर | नवागांव, श्यामतराई, चिटौद |
| 18.10.2024 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. कोलियारी फीडर | करेठा, कोलियारी, अमेठी, बंजारी, कलारतराई, कानीडबरी, परसुली |
| 21.10.2024 | सोमवार | 11 के.व्ही. शंकरदाह फीडर | शंकरदाह, डोड़की, हरफतराई |
| 23.10.2024 | बुधवार | 33 के.व्ही. अकलाडोंगरी फीडर | 33/11 के.व्ही. अकलाडोंगरी उपकेन्द्र से संबंधित ग्राम |
| 24.10.2024 | गुरूवार | 11 के.व्ही. कोहका फीडर | कोहका, तिर्रा, कोलियारी |
| 25.10.2024 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. चिखली फीडर | चिखली माटेगहन |
| 26.10.2024 | शनिवार | 11 के.व्ही. अकलाडोंगरी फीडर | अकलाडोंगरी, कोड़ेगांव, मालगांव, पण्डरीपानी, भिड़ावर, बारगरी |

आवश्यकतानुसार उक्त समय में परिवर्तन किया जा सकता है, "असुविधा के लिए खेद हैं।"

कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग, छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., धमतरी



## बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
तेलीबांधा शाखा : जी.ई.रोड, रेल्वे क्रॉसिंग के पास, रायपुर (छ.ग.)
फोन-0771-4218203, ई-मेल-telibandha.raipur@bankofindia.co.in

प्रति,
1. श्रीमती पूनम चौबे पति श्री अरूण चौबे (आवेदक)
2. श्री अरूण चौबे पिता श्री राजेन्द्र प्रसाद चौबे (सह-आवेदक)
पताः-297, देवांगन किराना स्टोर के पास, चंगोराभाठा, रायपुर- छत्तीसगढ़, मोबाईल नं. - 8109681127.

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रवर्तन की धारा 13(2) के तहत नोटिस सुरक्षा हित अधिनियम 2002**

1. आपके अनुरोध पर हमारी तेलीबांधा शाखा में, बैंक ने आपको एलएपी के लिए 13.50 लाख रुपये की राशि प्रदान की है। हम यहां हमारे द्वारा दी गई क्रेडिट सुविधाओं और नोटिस की तारीख के अनुसार बकाया राशि का विवरण देते हैं: -

| | Nature of Facility | Sanctioned Limit Rs. | Outstanding dues Rs. |
|---|---|---|---|
| अ. | LAP (संपत्ति पर ऋण) | ₹ 13,50,000.00 | ₹ 6,02,967.37 +अन्य शुल्क 30.03.2024 से |

2. बैंक द्वारा दी गई उपरोक्त ऋण सुविधाएं निम्नलिखित परिसंपत्तियों/प्रतिभूतियों (बैंक को दी गई संपत्तियों/संपत्तियों का विवरण) द्वारा सुरक्षित हैं:- **साम्यिक बंधक रिहायशी भवन, स्थित चंगोराभाटा, वसुंधरा नगर, प.ह.नं. 105/59, खसरा नं. 107/27, नगर पालिका वार्ड क्रमांक 67 खूबचंद बघेल वार्ड के अंतर्गत हिना ब्यूटी पार्लर के बाजू में रकबा 0.011 हेक्टेयर अर्थात 1200 वर्गफीट श्रीमती पूनम चौबे पति श्री अरुण चौबे के नाम पर।**
3. चूंकि आपने उक्त क्रेडिट सुविधाओं के तहत बैंक को अपने बकाए के पुनर्भुगतान में चूक की है, इसलिए हमने आपके खाते को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों/दिशानिर्देशों के अनुसार 29.04.2024 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया है।.
4. ऊपर बताए गए कारणों के लिए, हमने आपको उपरोक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस दिया है और आपसे बैंक को रुपये का भुगतान करके अपनी देनदारियों का पूरा भुगतान करने के लिए कहा है। 6,02,967.37 (छह लाख दो हजार नौ सौ सड़सठ रुपये और सैंतीस पैसे) + 11.50% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज। एलएपी में 30.03.2024 से मासिक विश्राम के साथ (नोटिस की तारीख तक संविदात्मक बकाया) मासिक विश्राम के साथ संयोजित, और बैंक द्वारा किए गए सभी लागत, शुल्क और खर्च, तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर आपके द्वारा पुनर्भुगतान तक। यह नोटिस, जिसे गिराते हुए कृपया ध्यान दें कि हम लागत और परिणामों के संबंध में पूरी तरह से आपके जोखिम पर होंगे, सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ़ वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 के तहत बैंक में निहित शक्तियों का प्रयोग करेंगे।
5. जबकि हम आपसे ऊपर उल्लिखित अवधि के भीतर, बैंक को संपूर्ण बकाया का भुगतान लागू ब्याज, पुनर्भुगतान तक बैंक द्वारा किए गए सभी लागतों, शुल्कों और खर्चों के साथ भुगतान करके और सुरक्षित संपत्तियों को भुनाकर अपनी देनदारी का निर्वहन करने का आह्वान करते हैं।, कृपया ध्यान रखें कि सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के अनुसार, सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने का अधिकार आपको सार्वजनिक नीलामी के लिए नोटिस के प्रकाशन या सार्वजनिक या निजी से कोटेशन या निविदा आमंत्रित करने की तारीख तक ही उपलब्ध होगा। सुरक्षित परिसंपत्तियों के पट्टे, असाइनमेंट या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के लिए संधि।
6. ऊपर उल्लिखित शक्तियों का प्रयोग करने से प्राप्त राशि का उपयोग सबसे पहले हमारे द्वारा किए गए सभी लागतों, शुल्कों और खर्चों और/या उससे जुड़े किसी भी आकस्मिक खर्च के भुगतान में किया जाएगा, और दूसरे, ऊपर बताए अनुसार बैंक के बकाया के भुगतान में किया जाएगा। इस नोटिस की तारीख से वास्तविक वसूली की तारीख तक संविदात्मक ब्याज और बैंक की संपूर्ण बकाया राशि (चाहे उधारकर्ता या गारंटर के रूप में बैंक के प्रति आपके किसी भी अन्य बकाया सहित) की पूरी वसूली के बाद शेष धनराशि, यदि कोई हो, पूरी तरह से वसूल कर ली जाए। आपको भुगतान किया जाएगा.
7. यदि सुरक्षित परिसंपत्तियों के विरुद्ध उक्त शक्तियों के प्रयोग के दौरान प्राप्त आय से उक्त बकाया पूरी तरह से वसूल नहीं किया जाता है, तो हम आपके और आपकी अन्य परिसंपत्तियों के खिलाफ ऋण वसूली से पहले कानूनी/वसूली कार्रवाई दायर करने सहित आगे बढ़ने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। न्यायाधिकरण/न्यायालय आपसे बकाया सभी लागतों आदि सहित बकाया राशि की वसूली के लिए।
8. कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त अधिनियम की उप-धारा (13) के अनुसार, इस नोटिस की प्राप्ति के बाद, आपको उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों पर बिक्री, पट्टे, लाइसेंस, उपहार के माध्यम से किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने या स्थानांतरित करने से रोका जाता है।, बंधक या अन्यथा।
9. अधोहस्ताक्षरी इस नोटिस को जारी करने और उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने के लिए बैंक का विधिवत अधिकृत अधिकारी है।
10. यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि यह नोटिस बैंक के पास उपलब्ध किसी भी अन्य उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना आपको संबोधित है।

स्थानः रायपुर, दिनांक : 27.09.2024 अधिकृत अधिकारी



FORM NO.
(See Regulation 33(2))
By Regd, A/D, Dasti Failing which by Publication.

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur - 482001

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT,1993.**

RC/215/2019 11-09-2024
BANK OF BARODA Versus MOHAN DHURAW DHURAW

To,
(CD1) MOHAN DHURAW DHURAW, H.No.-96, VILLAGE-MANPUR, P.O. KHATTA, MAHASAMUND (C.G.) - 493551
(CD2) ARVIND KUMAR, VILLAGE - PACHPEDI, P.O. KHATTA, MAHASAMUND (C.G.)- 493551

Whereas you the MOHAN DHURAW was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated 26/04/2019 in OA/889/2017 to pay to the Applicant Bank(s) / Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of Rs. 41,03,617.00 (Rupees Forty One Lakhs Three Thousand Six Hundred Seventeen Only) along with pendentellite and future interest @ 9.50 % Simple Interest Yearly w.e.f. 13/10/2017 till realization and costs of Rs. 44000 (Rupees Forty Four Thousands Only) and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/ immoveable property.
2. You are hereby informed that the 08/11/2024 at 10.30 A.M. has been fixed for drawing up the proclamation of sale and setting the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

Specification of property

Agriculture Land hearing Khasra No. - 15/1, area (0.48), 280 (0.48), 309 (0.43), 531/3 (0.34), 584 (0.20), 585 (0.15), 586 (0.43), 587 (0.15), 588 (0.17), 589 (0.22), 590 (0.26), 591 (0.08), 593 (0.12), 594 ( 0.22), 597 (0.18), 598 (0.16), 599 (0.06), 669/2 (0.43), 697 (0.17), 698 (0.32), 740/3 (0.56), 774 (0.56), 775 (0.20), 781/2 (0.22), 898/3 (0.58), 852/2 (0.04), 872/952 (0.18), 740/2 (1.58), 773/2 (0.20), total area measuring 8.87 hectare, situated at Village & P.O.-Manpur, Tehsil- Arang, District- Raipur (C.G.) belonging to Mohan Lal S/o Shri Dev Singh.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 11/09/2024.

Seal

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR (M.P.)



## संख्या-भा.ति.सी.पु./ 38वीं वाहिनी / ग्रैन शॉप / ताजा राशन की आपूर्ति /निविदा /2024
कार्यालय सेनानी, 38वीं वाहिनी
भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल
गृह मंत्रालय (भारत सरकार)
पत्रालय - खरोरा, जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़ ) - 493225

-:: ई-निविदा सूचना ::-

भारत के महामहिम राष्ट्रपति की ओर से सेनानी, 38वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, द्वारा निर्माता/योग्य सप्लायरों से ताजा राशन आपूर्ति हेतु दिनांक - 15/10/2024 को 1600 बजे तक द्वि-बोली पद्वति (तकनीकी और वित्तीय बोली) खोली जायेगी।

अनुमानित लागत :- रू. 75,00,000/-
बयाना धनराशि :- रू. 150000 / -

महत्वपूर्ण तिथियाँ:-

| प्रतिस्पर्धा | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| प्रकाशन तिथि | 19.09.2024 | 11:00 बजे |
| निविदा फार्म डाउनलोड हेतु आरंभ तिथि | 20.09.2024 | 11:00 बजे |
| निविदा फार्म डाउनलोड हेतु अंतिम तिथि | 14.10.2024 | 11:00 बजे |
| निविदा जमा करने की आरंभ तिथि | 20.09.2024 | 16:00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 14.10.2024 | 16:00 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि | 15.10.2024 | 16:00 बजे |

नोट :-
1. संपूर्ण निविदा की जानकारी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की बेवसाईट www.itbp.gov.in और सैन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट पोर्टल www.eprocure.gov.in पर उपलब्बध रहेगी। निविदा सूचना में किसी प्रकार की बदली / संशोधन होने पर इसकी सूचना सिर्फ इसी बेवसाईट पर उपलब्ध कराई जायेगी। फर्मों से अनुरोध है कि इस संबंध में अपडेट हेतु व नियमित तौर पर उक्त बेवसाईट को चैक करते रहे।
2. निविदा फार्म सीधे तौर पर स्वीकार नही किये जायेंगे।
3. ई-निविदा अपलोड करने हेतु फर्मों का www.eprocure.gov.in बेवसाईट पर पंजीकृत होने के साथ-साथ आई.टी. एक्ट 2003 के तहत सी.सी.ए. द्वारा जारी वर्ग- III डिजिटल सिग्नेचर प्रमाण पत्र होना आवश्यक हैं।
4. ऑनलाइन निविदा जमा करने के सम्बन्ध में सी.पी.पी. पोर्टल के सम्बन्ध में किसी भी जानकारी के लिए 24x7 सी.पी.पी. पोर्टल के टोल फ्री नं. 1800-233-7315 पर संपर्क करें।
5. उपरोक्त प्रकिया को पूर्ण करने के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत उत्पन्न होने पर निम्न टेलीफोन नं. या ई-मेल आई.डी. पर संपर्क किया जा सकता हैं:-

सेनानी, 38वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल,
खरोरा, जिला - रायपुर (छ.ग. )
ई-मेल. comdt38thbn@itbp.gov.in
फोन नं. - 07720-299211

CBC- 19112/11/0133/2425

सेनानी
38वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल





## हमारे प्रेरणास्रोत



भारत के स्वाधीनता आंदोलन में महात्मा गांधी का अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने सत्याग्रह-अहिंसा को अपना हथियार बनाया और अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। महात्मा गांधी देशप्रेम की एक अलग मिसाल हैं। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमें भी महात्मा गांधी की तरह देश के प्रति समर्पित भाव रखना चाहिए।

# सत्य-अहिंसा के सच्चे साधक महात्मा गांधी

बच्चों, महापुरुष वही होता है, जो अपना जीवन देश और समाज के लिए समर्पित कर देता है। वह ऐसे काम करता है, जिससे समाज का ही नहीं पूरे देश का हित होता है। ऐसे महापुरुष समाज और देश में एक बड़ा बदलाव भी लाते हैं। महात्मा गांधी ऐसे ही महापुरुषों में से थे, जिन्होंने अपने देश भारत की आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया, देश को आजाद कराने में अपना अतुलनीय योगदान दिया। जानो, महात्मा गांधी के बारे में।



**महात्मा गांधी का बाल जीवन:** महात्मा गांधी का पूरा नाम था, मोहन दास करमचंद गांधी। उनका जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। पिता का नाम करमचंद गांधी और माता का नाम पुतलीबाई था। बच्चों, गांधीजी जब छोटे थे, वह भी तुम्हारी तरह एक सामान्य से बच्चे थे। उन्हें कुछ बातों से बहुत डर लगता था। बालक मोहनदास को अलग-अलग दिशाओं से भूत, सांप और चोर के आने का डर सताता रहता था। उनकी मां ने डर को दूर करने के लिए उनसे कहा वह 'राम' नाम का जाप करें। डर छूमंतर हो जाएगा। मोहनदास के मन पर इसका प्रभाव पड़ा, उन्होंने राम नाम के सहारे अपने डर पर काबू पा लिया। बचपन से ही मोहनदास ने 'राम' नाम का जप और कीर्तन करना अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया था।

**राष्ट्रीय आंदोलनों का नेतृत्व:** अंग्रेजों ने जब भारत पर पूर्ण आधिपत्य स्थापित कर लिया था तो वे भारत की शिक्षा, संस्कृति और व्यापार को नष्ट करने पर तुले हुए थे। अंग्रेज संपूर्ण भारत को खोखला करना चाहते थे। ऐसे समय में महात्मा गांधी ने कई आंदोलन करके जैसे-असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह, सविनय अवज्ञा आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन आदि के द्वारा ब्रिटिश शासन की बुनियाद को हिला कर रख दिया। अपने सभी आंदलनों में गांधीजी ने सत्याग्रह और अहिंसा को ही मुख्य हथियार बनाया। अंग्रेजों के विरुद्ध उनके सभी आंदोलन को पूरे देश में व्यापक जन समर्थन मिला। उन्होंने यह दिखा दिया कि बिना रक्तपात, बिना हिंसा और बिना किसी हथियार के भी एक व्यापक और सफल जन आंदोलन चलाया जा सकता है।

**बताया कोई काम छोटा नहीं होता:** महात्मा गांधी ने किसी भी काम को कभी छोटा नहीं माना, उसे करने में शर्म महसूस नहीं की। उन्होंने अपने आश्रम में भी यही व्यवस्था लागू कर रखी थी। एक बार एक युवा जब देश सेवा के इरादे से उनके पास आया तो गांधीजी ने उसे छोटे-छोटे कई काम करवाए, यहां तक कि आश्रम की सफाई भी करवाई। जब उस युवा ने गांधीजी से कहा, 'मैं यह सब काम करने के लिए नहीं बना हूं, मुझे देश सेवा करनी है।' तो गांधीजी ने यही उत्तर दिया, 'जो सच्चा देश सेवक होता है, उसके लिए कोई काम छोटा नहीं होता।'

देखा बच्चों, महात्मा गांधी का व्यक्तित्व कितना विराट था। वह हम सबके लिए हमेशा प्रेरणा-पुरुष बने रहेंगे। आओ हम गांधी जयंती पर उनके सत्य और आहिंसा जैसे महान विचारों को अपनाने का संकल्प लें। देश की सेवा तन-मन से करें। देश को उन्नत शिखर पर ले जाएं। *

### सत्याग्रह -अहिंसा को बनाया हथियार


**भारत के** स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी की सबसे बड़ी यह भूमिका थी कि उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ अपनी लड़ाई सत्याग्रह और अहिंसा के बल पर लड़ी। गांधीजी हिंसा के विरुद्ध थे। गांधीजी अहिंसा ही नहीं, सत्य वचन को भी जीवन में जीत का एक हथियार मानते थे। इन दोनों विचारों का ना केवल उन्होंने अपने जीवन में पालन किया, आजादी की लड़ाई में भी अंग्रेजों के विरुद्ध हथियार के रूप में इनका इस्तेमाल किया। गांधीजी 'सत्य' को 'ईश्वर' का ही दूसरा रूप मानते थे।

### रंगभेद के विरुद्ध उठाई आवाज


**एक समय** ऐसा था, जब विश्व के कई देशों में, खासतौर से ब्रिटिश हुकूमत के अधीन देशों में रंगभेद जैसी बुराई व्याप्त थी। लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार होता था। महात्मा गांधी जब दक्षिण अफ्रीका गए तो उन्हें भी रंगभेद का सामना करना पड़ा। वहां प्रथम श्रेणी का टिकट खरीदने के बावजूद उन्हें ट्रेन के तीसरी श्रेणी में यात्रा करने को मजबूर किया गया। गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के साथ होने वाले इस भेदभाव के विरुद्ध पुरजोर आवाज उठाई।

• डॉ. अलका जैन 'आराधना'

# सादगी-ईमानदारी की मिसाल लाल बहादुर शास्त्री



2 अक्टूबर को महात्मा गांधी के साथ देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनाई जाती है। शास्त्री जी सादगी की प्रतिमूर्ति थे। भारत के प्रधानमंत्री होते हुए भी उनका सादगीपूर्ण जीवन चौंकाता है। सादगी के साथ ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा उनके स्वभाव में थी। लाल बहादुर शास्त्री से जुड़ी कुछ प्रेरणाप्रद बातें।



आजाद भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री थे। वह महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी थे। शास्त्रीजी के जीवन की सबसे बड़ी खूबी थी-सादा जीवन, उच्च विचार। भारत के प्रधानमंत्री बनने के बाद भी वह बहुत साधारण व्यक्ति की तरह जीवन जीते रहे। उनका कहना था, 'व्यक्ति चाहे कितने भी बड़े पद पर हो लेकिन उसे अपना जीवन बहुत सरल और सादगीपूर्ण जीना चाहिए।' बच्चों, जानो, अनूठे व्यक्ति के स्वामी लाल बहादुर शास्त्री से जुड़ी बातें-

**हटा लिया अपना जातिसूचक सरनेम :** शास्त्रीजी का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को वाराणसी के निकट मुगलसराय (अब दीन दयाल उपाध्याय नगर) में हुआ था। उनका असली नाम लाल बहादुर श्रीवास्तव था। शास्त्रीजी जाति व्यवस्था को नहीं मानते थे, इसलिए उन्होंने स्कूल में ही अपने नाम से जातिसूचक उपनाम 'श्रीवास्तव' हटाकर अपना नाम सिर्फ 'लाल बहादुर' लिखवाया था। आगे चलकर काशी विद्यापीठ से जब उन्हें शास्त्री की उपाधि मिली, तो उन्होंने अपने नाम के साथ अपनी उपाधि 'शास्त्री' जोड़ ली। इसके बाद से वह लाल बहादुर शास्त्री के नाम से पहचाने जाने लगे।

**स्वतंत्रता संग्राम में योगदान:** लाल बहादुर शास्त्री ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में चल रहे स्वतंत्रता आंदोलन में भी भाग लिया था। वह सत्य और अहिंसा के पक्षधर थे। उन्होंने महात्मा गांधी के आह्वान पर 'असहयोग आंदोलन', 'दांडी यात्रा', 'भारत छोड़ो आंदोलन' में भी भाग लिया था। शास्त्रीजी कई बार जेल भी गए।

**'जय जवान, जय किसान' नारा :** लाल बहादुर शास्त्री का सबसे प्रसिद्ध नारा 'जय जवान, जय किसान' था। यह नारा उन्होंने 1965 के भारत-पाक युद्ध के समय दिया था। इस नारे का अर्थ था कि देश की सुरक्षा और किसानों की उन्नति दोनों ही महत्वपूर्ण है। शास्त्रीजी का मानना था, अगर देश का किसान उन्नति करेगा, खुशहाल रहेगा तो देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

### माली की सीख को रखा जीवन भर याद

**शास्त्रीजी के** बचपन में ही उनके पिताजी का देहांत हो गया था। जब शास्त्रीजी छह वर्ष के थे तो वह अपने दोस्तों के साथ एक बगीचे में फूल तोड़ रहे थे। बाकी दोस्त लंबाई में थोड़े बड़े थे, इसलिए उन्होंने आसानी से फूल तोड़ लिए और माली को आता देख तेजी से भाग गए। शास्त्रीजी नहीं भाग सके, माली ने उन्हें पकड़ लिया। माली ने जब डांटा तो शास्त्रीजी रोते हुए बोले , 'आप मुझे इसलिए डांट रहे हैं, क्योंकि मेरे पिता नहीं हैं?' माली ने उन्हें समझाया, 'बेटा, अगर तुम्हारे पिता नहीं हैं, तो तुम्हें ज्यादा जिम्मेदारी से व्यवहार करना चाहिए।' माली की इस बात को शास्त्रीजी ने जीवनभर के लिए अपना लिया। उन्हें हमेशा अपनी जिम्मेदारी का एहसास रहा। वह अपना हर काम पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ करते।

**सादगी और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति:** जब लाल बहादुर शास्त्री प्रधानमंत्री बने, तब भी उन्होंने सादगी और ईमानदारी को अपने जीवन का हिस्सा बनाए रखा। प्रधानमंत्री बनने के बाद जब वे पहली बार अपने गृह नगर काशी जा रहे थे तो प्रशासन ने संकरी गलियों को चौड़ा करने का प्रस्ताव रखा। शास्त्रीजी ने कहा, 'मेरी गाड़ी के लिए किसी घर को तोड़ने की जरूरत नहीं है, मैं पैदल ही चलकर घर जाऊंगा।' उनकी यह सादगी हमें सिखाती है कि हम भले ही जीवन में कितना ही बड़ा मुकाम हासिल कर लें लेकिन हमें जमीन से जुड़े रहना चाहिए। प्रधानमंत्री रहते हुए शास्त्रीजी ने बहुत ही ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से अपने दायित्व निभाए, जिसकी आज भी लोग मिसाल देते हैं। *

# अहिंसा का पाठ

रोहित के साथ पढ़ने वाला उसका साथी मयंक रोज स्कूल से लौटते समय उसे परेशान करता। वह रोहित को रास्ते में छोटे-छोटे कंकड़ मारता। रोहित ने कभी भी मयंक से लड़ने की या जवाब में उसे भी कंकड़ मारने की नहीं सोची। लेकिन एक दिन मयंक के साथ कुछ ऐसा घटा कि उसे अपने किए पर बहुत शर्म महसूस हुई।

कहानी

हरीश कुमार 'अमित'



पिछले तीन-चार दिनों से ऐसा हो रहा था कि स्कूल की छुट्टी होने के बाद जब रोहित अपना बस्ता कंधे पर टांगकर घर के लिए निकलता, कुछ दूर चलने के बाद ही उसके सिर, कंधे, कमर से कोई छोटा-सा कंकड़ टकराता। इसके साथ ही उसे हंसी की आवाज भी सुनाई देती। रोहित को पता था कि यह हंसी उसके सहपाठी मयंक की है, जो उसके पीछे-पीछे आ रहा होता था। कंकड़ बिल्कुल छोटे-छोटे होते थे, जिनसे रोहित को चोट तो नहीं लगती थी, लेकिन परेशानी जरूर होती थी। रोहित को इस तरह परेशान करके मयंक को बहुत मजा आता था।

मयंक बहुत शरारती था। इस तरह की शरारतें वह करता ही रहता था। लेकिन रोहित विरोध में उससे झगड़ा नहीं करता था। ऐसा नहीं कि वह मयंक से कमजोर था या उससे डरता था। रोहित तो मयंक से ज्यादा बलवान था। वह चाहता तो मयंक की हरकतों का मुंहतोड़ जवाब दे सकता था, लेकिन वह शांत रहता।

दरअसल, रोहित ने अपनी किताब में अहिंसा को लेकर महात्मा गांधी के विचारों को पढ़ा था, वह उनसे बहुत प्रभावित था। उसने तय किया था कि वह भी बापू की तरह सत्य और अहिंसा के मार्ग को अपने जीवन में उतारेगा। बापू के विचारों का ही प्रभाव था कि रोहित ने मयंक से झगड़ा करने की कभी नहीं सोची। उसने स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर जाने के लिए तेज-तेज चलने की बजाय थोड़ा धीमे चलते हुए मयंक के पीछे-पीछे चलना शुरू कर दिया था। ऐसे में मयंक उसे कंकड़ नहीं मार पाता था। अब स्कूल की छुट्टी के बाद मयंक आगे-आगे चलता था, रोहित उससे कुछ दूर पीछे-पीछे।

एक दिन स्कूल की छुट्टी होने के बाद रोहित, मयंक के पीछे-पीछे चलते हुए घर जा रहा था। रोहित ने देखा कि मयंक अचानक गायब हो गया है। यह देखकर रोहित को बड़ी हैरानी हुई। वह आगे की तरफ भागा और उस जगह पर जा पहुंचा, जहां पर मयंक चल रहा था।

रोहित ने देखा कि मयंक एक बिना ढक्कन वाले गटर में गिरा हुआ है। शायद गटर की सफाई करने के लिए उसका ढक्कन हटाया गया था, लेकिन अपनी जगह पर रखा नहीं गया था। गटर में गिरते समय मयंक का एक हाथ उस ढक्कन पर पड़ गया था। उसने ढक्कन के हत्थे को अपने हाथ से कसकर पकड़ा हुआ था, उसका बाकी सारा शरीर गटर के अंदर लटक रहा था। वह डर के मारे 'बचाओ-बचाओ' चिल्ला रहा था। यह सब देखकर पहले तो रोहित भी घबरा गया, लेकिन फिर उसने अपने-आप को संभाला। रोहित ने मयंक के हाथ को अपने दोनों हाथों से मजबूती से पकड़ लिया। साथ ही वह जोर-जोर से चिल्लाकर लोगों से मदद भी मांग रहा था। उस रास्ते से आते-जाते लोगों में कुछ लोग मदद के लिए आगे आए। बड़ी जद्दोजहद के बाद मयंक को गटर से बाहर निकाला जा सका। बाहर आकर मयंक की जान-में-जान आई। उसे सही-सलामत बाहर आया देखकर रोहित भी बहुत खुश था।


'मैं तो कंकड़ मार-मार कर तुम्हें इतना सताता रहता हूं, फिर भी तुमने मुझे बचा लिया। तुम मेरी मदद नहीं करते तो न जाने क्या होता!' गटर से बाहर निकलते ही बड़े अपनेपन से मयंक ने रोहित से कहा। 'मयंक, तुम मुझे परेशान करते हो, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि बदले में मैं भी तुम्हें परेशान करूं और तुम्हें मुसीबत में पड़ा हुआ देखकर तुम्हारे काम न आऊं।' रोहित बोला।

इसके बाद घर जाने के लिए दोनों आगे बढ़े गए। रोहित ने अपनी चाल धीमी कर दी और हमेशा की तरह मयंक से कुछ कदम पीछे चलने लगा। यह देखकर मयंक रुक गया और वापस रोहित के पास आ गया।

'अब से हम पक्के दोस्त हैं। अब हम साथ-साथ ही चला करेंगे।' यह कहते हुए मयंक ने अपनी जेब में भरे सारे कंकड़ निकाल कर सड़क के किनारे फेंक दिए। बापू के 'अहिंसा के पाठ' पर रोहित का भरोसा और भी बढ़ गया था। *

## जीके क्विज- 122

1. महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरु कौन थे?
2. लाल बहादुर शास्त्री का भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कौन-सा क्रम था?
3. असहयोग आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
4. 'जय जवान, जय किसान' का नारा किसने दिया था?
5. 28 सितंबर को किस स्वाधीनता सेनानी की जयंती मनाई जाती है?
6. ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
7. हाल ही में यूनेस्को की सूची में शामिल भारत का पहला 'साहित्य शहर' कौन-सा है?
8. आईसीसी के नए अध्यक्ष कौन बने हैं?
9. भारत के किन दो शहरों को 'ट्विन सिटी' के नाम से जाना जाता है?
10. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-122 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-121 का उत्तर :** 1.श्री विजयपुरम, 2.एम पॉक्स, 3.करीना कपूर, 4.हरियाणा, 5.धर्मेंद्र प्रधान, 6.कार्बन डाइऑक्साइड, 7.चांदी, 8.खेल, 9.वर्गीस कुरियन, 10.फिरदौसी

**जीके क्विज-121 का सही उत्तर देने वाले :** प्रियेश-बिलासपुर, कबीर-हिसार, आयुष-अंबिकापुर, श्याम-महेंद्रगढ़, तानी-कोरबा, मानवी मधुकर-बिलासपुर, शुभम-बिलासपुर, गीतिका-ईमेल से, पृथ्वीराज-बिलासपुर, बी. ईशान-अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, कुणाल-रोहतक, दिव्या-बालोद

## हंसगुल्ले



**रिंकी :** मुझे आंखें बंद करने के बाद भी दिखाई देता है।
**पिंकी :** अच्छा, क्या दिखाई देता है?
**रिंकी :** अंधेरा।
**-दिव्या, रायपुर**

**सोनू :** क्या तुम्हें अमेरिका की राजधानी पता है?
**मोनू :** क्या तुम्हें पता है?
**सोनू :** हां, पता है।
**मोनू :** जब तुम्हें पता है तो मुझसे क्यों पूछ रहे हो?
**-हर्ष, रोहतक**

**रोहन :** सर, मे आई कम इन?
**टीचर :** वेट...
रोहन : सर, 24 केजी।
**-कुणाल, धमतरी**

कविता / सूर्य कुमार पांडेय

## अमर रहेगा नाम

अंग्रेजों की क्रूर गुलामी से हम सबको करने दूर,
एक महामानव धरती पर आया, ताकत थी भरपूर।
दया और करुणा की मूरत, सत्य-अहिंसा थे हथियार,
जिसके बल पर गए फिरंगी, वापस सात समंदर पार।
जिसको जंग पसंद नहीं थी, न ही तोप, गोला, बारूद,
सादा जीवन जीता था वह, पीता था बकरी का दूध।
आंखों पर चश्मा, हाथों में लाठी, थी जिसकी पहचान,
पहनी एक लंगोटी, चादर ओढ़ी, खूब मिला सम्मान।
नाम महात्मा गांधी उसका, युग-युग अमर रहेगा नाम,
दो अक्टूबर जन्मदिवस पर, उस बापू को करें प्रणाम।



## रंग भरो-159

**रंग भरो-159** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






डॉली, मटियारी



चहक, रेवाड़ी



हर्षित, धमतरी



धरा, रायपुर



दिविजा, रोहतक


### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रितेश-मटियारी, आतिया-बहादुरगढ़, देव्यांश, सौम्या-दुर्ग, हिताक्षी-महेंद्रगढ़, विनय-भोपाल, मुकेश-रायपुर, खुशी-दुर्ग, मोनी-बालोद, नेहा-रायपुर, पायल-बिलासपुर, जीवेश-हिसार, कल्पना-अंबिकापुर, विकास-राजनांदगांव, आर्यन-रायगढ़



अंकित, धमतरी

## रंग भरो 160




बच्चों, यहां एक नन्हे अंतरिक्ष यात्री यानी एस्ट्रोनॉट का चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## बापू के तीन बंदरों की सीख

बच्चों, बापू के तीन बंदर हमें जीवन की बहुत बड़ी सीख देते हैं। यहां बापू के तीन बंदरों की एक तस्वीर दी गई है। तुम रिक्त स्थानों को भरकर बताओ कि ये बंदर हमें क्या शिक्षा देते हैं?

1. बुरा मत ..........। 2. बुरा मत ........ । 3. बुरा मत .....



उत्तर : 1.देखो, 2.सुनो, 3.कहो

## खबर संक्षेप

### मेक्सिको ने लगाया डॉ रेड्डीज पर 28 लाख रुपए का जुर्माना

Dr.Reddy's

**नई दिल्ली।** डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज ने बृहस्पतिवार को कहा कि मेक्सिको के दवा नियामक ने उसपर करीब 28 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हैदराबाद स्थित दवा कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि मेक्सिको के दवा नियामक सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) में से एक के लिए यह जुर्माना लगाया।

### एनटीपीसी का संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर




**नई दिल्ली।** एनटीपीसी की इकाई एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) ने हरित परियोजनाओं के लिए महात्मा फुले नवीकरणीय ऊर्जा व अवसंरचना प्रौद्योगिकी (महाप्रीट) के साथ संयुक्त उद्यम समझौता किया है। एनटीपीसी ने कहा, संयुक्त उद्यम महाराष्ट्र या किसी अन्य राज्य में 10 गीगावाट के अक्षय ऊर्जा पार्क व परियोजनाओं का विकास करेगा।

### आकाश अंबानी वायकॉम18 के निदेशक मंडल में शामिल




**नई दिल्ली।** रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी और रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी वायकॉम18 के निदेशक मंडल में शामिल हो गए हैं। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। वैश्विक मीडिया दिग्गज वॉल्ट डिज्नी के भारतीय कारोबार के साथ वायकॉम18 के विलय से पहले यह बदलाव किया गया है।

# हुरुन इंडिया के अंडर 35 सफल उद्यमी में ईशा व आकाश अंबानी ने बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज की रिटेल कंपनी रिलायंस रिटेल की नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईशा अंबानी 35 वर्ष से कम उम्र के सफल उद्यमी के तौर पर हुरुन इंडिया के अंडर 35 लिस्ट में अपना स्थान बनाने में कामयाब रही है।

- सूची में सात महिलाएं हैं जिसमें चार पारिवारिक विरासत को संभाल रही

ईशा अंबानी के अलावा टॉडल की पारिता पारिख भी ईशा अंबानी के साथ 2024 हुरुन इंडिया अंडर35 लिस्ट में स्थान मिला है। ईशा अंबानी और पारिता पारिख दोनों ही फिलहाल 32 वर्ष की हैं। हुरुन इंडिया ने देश में सबसे सफल 150 उद्यमियों को लेकर 2024 हुरुन इंडिया अंडर 35 लिस्ट जारी की है।

## शेयरचैट के अंकुश सचदेवा सबसे युवा उद्यमियों के तौर पर उभरे

### वैश्विक चुनौती के बावजूद बने सफल उद्यमी

हुरुन इंडिया अंडर 35 लिस्ट जारी करने पर हुरुन इंडिया के एमडी और चीफ रिसर्चर अनस रहमान जुनैद ने कहा, देश की अर्थव्यवस्था का जैसे विस्तार हो रहा है हमारा रिसर्च 35 साल से कम उम्र के डेमोग्राफिक में डायनमिक उद्यमी स्पिरिट को उजागर करता है। इन युवा उद्यमियों ने वैश्विक चुनौतियां, जटीलता, महंगाई और दूसरे आर्थिक संकट का सामना करने के बावजूद बेहद सफल कंपनियां तैयार की हैं।



### 123 फर्स्ट जेनरेशन उद्यमी

हुरुन इंडिया अंडर 35 सूची में सात महिलाएं हैं जिसमें चार पारिवारिक विरासत को संभाल रही हैं। इस सूची के मुताबिक 150 उद्यमी में 13 आईआईटी मद्रास से, 11 आईआईटी बॉम्बे से और आईआईटी दिल्ली और आईआईटी खड़गपुर से 10 उद्यमी लिस्ट में शामिल हैं। हुरुन इंडिया अंडर 35 सूची में 123 फर्स्ट-जेनरेशन उद्यमी हैं जो कि कुल शामिल किए गए लोगों का 82 फीसदी है।

### कई गुना ज्यादा वैल्यूएशन का बिजनेस तैयार

जुनैद ने कहा, हमारे एस्टीमेट के मुताबिक 30 वर्ष से कम उम्र के उद्यमियों ने जो बिजनेस तैयार किया है उसका वैल्यू 10 मिलियन डॉलर के करीब है। तो इनसे ज्यादा अनुभवी 35 साल से कम उम्र के उद्यमियों ने 50 मिलियन डॉलर के वैल्यू वाला बिजनेस तैयार किया है जबकि इनमें से कुछ ने इससे कई गुना ज्यादा वैल्यूएशन वाला बिजनेस तैयार किया है।

## 100 से अधिक वस्तुओं पर कर की दरों में बदलाव पर बातचीत

# जीएसटी दर युक्तिकरण: जीओएम ने 12 प्रतिशत 'स्लैब' में कटौती पर चर्चा की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बृहस्पतिवार को कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह ने 100 से अधिक वस्तुओं पर कर की दरों में बदलाव पर चर्चा की है। उन्होंने बताया कि आम आदमी को राहत देने के लिए कुछ वस्तुओं पर कर की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का मुद्दा भी इसमें शामिल है।

भट्टाचार्य ने कहा कि मंत्री समूह की अगली बैठक 20 अक्टूबर को होगी। साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर भी चर्चा की जाएगी। छह सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) ने बुधवार को बैठक की और 12 प्रतिशत 'स्लैब' में चिकित्सा तथा औषधि से संबंधित वस्तुओं पर कर दर में कटौती का मुद्दा भी उठाया तथा अगले महीने होने वाली अपनी बैठक में इस पर चर्चा करने का निर्णय लिया है।

- आम आदमी को राहत देने दर 12 से घटाकर 5 फीसदी करने का मुद्दा
- साइकिल और बोतल बंद पानी पर कर तर्कसंगत बनाने पर चर्चा
- मंत्री समूह की अगली बैठक 20 अक्टूबर को होगी




### चार स्तरीय कर संरचना

ऐसी वस्तुओं पर कर की दर कम करने के कारण होने वाली राजस्व हानि की भरपाई के लिए, मंत्री समूह ने 'ऐराटिड' जल व पेय पदार्थों सहित कुछ वस्तुओं पर कर की दर को वर्तमान 28 प्रतिशत जीएसटी तथा उपकर से बढ़ाने की संभावना पर भी चर्चा की। वर्तमान में, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) एक चार-स्तरीय कर संरचना है। इसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की 'स्लैब' हैं।

### सिफारिशें जीएसटी परिषद के समक्ष रखी जाएगी

मंत्री समूह 20 अक्टूबर की बैठक में अपने सदस्यों के विचारों पर आगे विमर्श करेगा और अपनी सिफारिशें जीएसटी परिषद के समक्ष रखेगा। जीएसटी परिषद की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री करेंगी तथा जिसमें सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्री शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दरें कम होनी चाहिए तथा खाद्य वस्तुओं को 12 प्रतिशत की दर से पांच प्रतिशत की दर पर लाने से कीमतों में कमी के रूप में उन्हें राहत मिलेगी।

### ई-साइकिल पर पांच फीसदी कर

भट्टाचार्य ने कहा, " हमें आम लोगों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली साइकिल के लिए कर की दर कम करने पर विचार करना होगा। मंत्री समूह इस पर आगे विचार-विमर्श करेगा।" साइकिल और उसके कलपुर्जों तथा अन्य उपकरणों पर वर्तमान में 12 प्रतिशत जीएसटी लगता है, जबकि ई-साइकिल पर पांच प्रतिशत कर है।

### इन राज्यों के वित्त मंत्री शामिल

छह सदस्यीय मंत्री समूह में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राजस्थान के स्वास्थ्य सेवा मंत्री गजेंद्र सिंह, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायर गौड़ा और केरल के वित्त मंत्री के एन. बालगोपाल शामिल हैं।

### कुछ वस्तुएं 28 फीसदी स्लैब में आ सकती है

हालांकि, 18 प्रतिशत 'स्लैब' में शामिल कुछ वस्तुएं जैसे हेयर (बाल) ड्रायर, हेयर कर्लर, तथा सौंदर्य या मेक-अप (प्रसाधन) उत्पाद फिर से 28 प्रतिशत 'स्लैब' में आ सकते हैं। साइकिल पर कर लगाने के बारे में पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री ने कहा कि यह आम आदमी द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तु है, जबकि उच्च-स्तरीय उत्पाद भी हैं।

## कर्नाटक एग्री समिट में डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने कृषि सुधारों पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डॉ. त्रिपाठी सस्टेनेबल एग्रीकल्चर अवार्ड से सम्मानित

बेंगलुरु में आयोजित कर्नाटक एग्री समिट के दौरान 25 सदस्यीय कर्नाटक कृषि परिषद का शुभारंभ किया गया। इसकी अध्यक्षता जियो-बायोटेक के प्रबंध निदेशक और बैंगलोर प्रबंधन संघ के अध्यक्ष के. एस. नारायणस्वामी ने की।

कृषि मंत्री एन. चेलुवरायस्वामी ने इस परिषद का उद्घाटन किया और इसे राज्य की प्रमुख कृषि चुनौतियों और अवसरों, विशेषकर मिलेट, दाल, कॉफी, और मसाला प्रसंस्करण, निर्यात, स्टार्टअप्स, और कृषि में डिजिटल तकनीकों पर ध्यान देने के लिए कहा। इस शिखर सम्मेलन में डॉ. अशोक दलवाई, डॉ. एस.वी. सुरेशा (कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, बेंगलुरु) और डॉ. सी. बिरादार (निदेशक, सिफोर) तथा इंडियन चैंबर आफ फूड एंड एग्रीकल्चर की अध्यक्ष डॉक्टर एमजी खान ने भी अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक विशेषज्ञों, अधिकारियों और सीईओ ने भाग लिया।

इस अवसर पर विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में अखिल भारतीय किसान महासंघ (आईफा) के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने मंच से भारत की कृषि की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'तमाम योजनाओं के बावजूद वास्तविकता यह है कि खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। पिछले दो वर्षों में 2 करोड़ किसानों ने खेती छोड़ दी है, और युवा इस घाटे वाले व्यवसाय में आना नहीं चाहते।

*त्रिपाठी सम्मानित : डॉ. राजाराम त्रिपाठी को कर्नाटक के किसानों को नैसर्गिक खेती और वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने के प्रयासों के लिए विशेष कैटेगरी में 'सस्टेनेबल एग्रीकल्चर अवार्ड' से सम्मानित किया गया।*

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB) CIN: U40108CT2003SGC0122
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (RCR) CSPDCL, Email ID: - ed.rr@cspc.co.in

No. 10-01/Pur/SG/09/2375 Raipur, Date 04.05.2023

**NIT Through e-Bidding**

E-Tenders are invited against following NIT from experienced & eligible security agenesis who **are registered** with Chhattisgarh Government having valid license U/s 9 of Chhattisgarh Rajya Niji Suraksha Abhikaran (Viniyaman) Niyam 2008 for providing security services through out-sourcing.

| Tender No/ Rfx no. | Name of work | Cost of Tender Form | Earnest Money (Rs.) | Due Date & Time of Submission / Opening |
|---|---|---|---|---|
| Tr. No.09/2375 RFX No. 8100039457 | Providing 15 Nos. Security Guards through outsourcing to Area Store, CSPDCL, Gudhiyari, Raipur. | (Rs.5000/- Including 18%GST) | 62,500/- | 16.10.2024 02.30 / 03.00 PM |

Details of Tenders, Technical Specification, Terms & Conditions pre-qualification requirement etc. are available on our website www.cspdcl.co.in and ebidding.cspcl.co.in. Tender documents can be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required tender fees shall be deposited trough demand draft drawn in favor of Sr. A.O.-I CSPDCL Raipur and shall be submitted in hard copy before due date and time, the scanned copy of the DD of Tender fees should be uploaded in the e-bidding portal.

The notice for extension of due date of tender submission, opening /corrigendum/amendment, if any to the tender document will not be published in newspapers. It will only be displayed on CSPDCL's official website as mentioned above and office Notice Board.

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR (RCR)
CSPDCL, RAIPUR

## सीएम साय के नेतृत्व में ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में छग को प्रथम पुरस्कार



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में बीईई द्वारा प्रायोजित सोसाईटी ऑफ एनर्जी इंजीनियर्स एंड मैनेजर्स-सीम द्वारा आयोजित 9वें नेशनल एनर्जी मैनेजमेंट अवार्ड समारोह में ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली राज्य नामित एजेंसी स्टेट डिजिनेटेड एजेंसी के रूप में इस वर्ष हेतु स्टार परफॉर्मेंस अवार्ड श्रेणी में छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) को पूरे भारत देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। गुजरात राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (जेडा) को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में क्रेडा को ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई है। राजेश सिंह राणा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (क्रेडा) द्वारा उक्त अवार्ड सीम से प्राप्त किया गया। इस अवसर पर क्रेडा से जे.एन. बैगा, कार्यपालन अभियंता एवं निहार रंजन साहू, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर भी मौजूद रहे।



### लोहुम क्लीनटेक ने अमेरिकी कंपनियों से किया करार

**मुंबई।** लोहुम क्लीनटेक ने अमेरिका स्थित रीएलिमेंट टेक्नोलॉजीज और अमेरिकन मेटल्स के साथ एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

**छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**
**आबकारी भवन, छोकरानाला, लभाण्डी, रायपुर, छत्तीसगढ़**

**-: बीमा निविदा :-**

निविदा विज्ञप्ति क्र./833, रायपुर, दिनांक 25-09-2024,

छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर की ओर से IRDA (Insurance Regulatory and Development Authority of India) के पंजीकृत बीमा कंपनियों / कार्पोरेशन से निगम के सिलतरा गोदाम, रायपुर के बीमा हेतु निम्न बिन्दुओं पर निविदा आंमत्रित की जाती है।

1/ Policy for Godown Buildings & Office Insurance
2/ Policy for Fire, Natural Calamities, Theft & Burglary Insurance

बीमा संबंधी निविदा की सेवा शर्तें छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, आबकारी भवन, छोकरानाला, लभाण्डी, रायपुर के वेबसाईट csbc.cg.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक 25/10/2024 को समय 03:00 बजे तक, एवं प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अपरान्ह 4 बजे खोला जावेगा।

**महाप्रबंधक**
**छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**

S-41576/2

### ऑलकार्गो गती जनवरी से कीमतें 10.2 % तक बढ़ाएगी

**मुंबई।** लॉजिस्टिक कंपनी ऑलकार्गो गति लिमिटेड ने अगले साल एक जनवरी से अपने 'एक्सप्रेस शिपमेंट' की कीमतों में औसतन 10.2 प्रतिशत की वृद्धि करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भरपाई करने में मदद करेगी।

**उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाये**
**शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**= साहीवाल पशु नीलामी सूचना =**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा, जिला दुर्ग में दिनांक 7/10/2024 दिन सोमवार को सुबह 9 बजे से साहीवाल पशुओ को नीलाम किया जावेगा। समस्त इच्छुक पशुपालकों को नीलामी में बोली लगाकर पशु क्रय करने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

नीलामी में बोली लगाने वाले को रुपये 500/- की धरोहर राशि जमा करनी होगी, जो नीलामी समाप्त होने पर वापिस की जावेगी। नियम, शर्तें एवं विस्तृत जानकारी उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाये, शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा, जिला दुर्ग से संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।

टीप- नीलामी में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को स्वयं का पहचान प्रमाण (आधार कार्ड/ वोटर आई डी/ अन्य शासकीय पहचान पत्र) की प्रति पंजीयन के समय जमा करना अनिवार्य है।

नीलामी में किसी प्रकार का विवाद होने पर नीलामी समिति का निर्णय अंतिम होगा।

दूरभाष- 0788-2990043, 8103533882

**उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाये**
**शा.प.प्र. प्र. अंजोरा दुर्ग (छ.ग.)**

G-242502800/3

### एथेनॉल का दाम बढ़ाने पर विचार

**नई दिल्ली।** खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार 2024-25 सत्र के लिए एथनॉल की कीमत तथा चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य को बढ़ाने पर विचार कर रही है। जोशी ने कहा कि एथनॉल की कीमत बढ़ाने का प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है। पेट्रोलियम मंत्रालय इस मामले को देख रहा है।

## बिजनेस साइट

## अनुपम खेर कृष्णा विकास ग्रुप के ब्रांड एंबेसडर बने

**रायपुर।** विकास समूह ने 2002 में अपना पहला प्रोजेक्ट, बारगढ़ में विकाश आवासीय विद्यालय लॉन्च करके अपनी यात्रा शुरू की और लगभग दो दशकों की समृद्ध विरासत के साथ हमने एक विश्वविद्यालय, बारगढ़, राउरकेला, संबलपुर और ओडिशा में कई अन्य स्थानों के साथ भुवनेश्वर तक विस्तार किया है। कृष्णा विकास, वैश्विक दृष्टिकोण के साथ विरासत को आगे बढ़ाने के लिए नए लोगो के साथ एक नई पहचान बना रहा है। कृष्णा विकास नए विचारों और नए उद्देश्य का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य युवाओं को उनकी आकांक्षाओं को प्राप्त करने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद कर रहा है। यह प्रेरणा एक समग्र शैक्षिक माहौल बनाने की मैं और एक सरल लेकिन शक्तिशाली इच्छा से आई है जो छात्रों को किंडरगार्टन में उनके पहले कदम से लेकर स्नातकोत्तर अध्ययन में उनके अंतिम कदम तक पोषित करती है। रायपुर में 60 एकड़ का कृष्णा विकास परिसर विभिन्न प्रकार के शैक्षिक कार्यक्रमों की संचालित करता है, जिसमें एक आईबी स्कूल, एक सीबीएसई आवासीय स्कूल, एक इंजीनियरिंग कॉलेज, एक फार्मेसी कॉलेज और विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा, कंप्यूटर में पाठ्यक्रम प्रदान करने वाला एक कॉलेज शामिल है। हमें अगले शैक्षणिक सत्र तक रायपुर में कृष्णा विकास विश्वविद्यालय शुरू करने की उम्मीद है, हमें पहले ही राज्य सरकार से आशय पत्र प्राप्त हो चुका है। हमारी प्रतिबद्धता ऐसे माहौल को बढ़ावा देने की है जहां अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप समग्र शिक्षा हमारे अकादमिक दर्शन की आधारशिला हों। इसके अतिरिक्त, जगदलपुर में हमारा आवासीय सीबीएसई स्कूल शुरू हो चुका है, और हमने भिलाई में एक डे स्कूल भी खोला है।



### सोना 78,250 रुपए की रिकॉर्ड ऊंचाई पर, चांदी में भी 1,000 रुपए का उछाल

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख तथा आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 400 रुपये की तेजी के साथ 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर को लांघ गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, सोने में लगातार दूसरे दिन भी रिकॉर्ड तेजी रही। सोना 400 रुपये की तेजी के साथ 78,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। बुधवार को कीमती धातु 77,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। मजबूत विदेशी रुख के बीच औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की मजबूत मांग के कारण चांदी भी 1,000 रुपये बढ़कर 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में चांदी 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 77,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के ताजा उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले सत्र में सोना 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण )**

सिस्टम निविदा क्रमांक 158941/निविदा सूचना क्रमांक 06/ वलेलि/2024-25, महासमुंद, दिनांक 25.09.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 17.10.2024 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम :- **महासमुंद जिले के विकासखण्ड महासमुंद की कोडार परियोजना अंतर्गत जल संसाधन संभाग के संभाग एवं उपसंभाग के समस्त कार्यालय भवन एवं आवासीय भवनो का जीर्णोद्वार एवं उन्नयन कार्य।**

**अनुमानित लागत :- रूपये 281.23 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 03.10.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथाडाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोटः-** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, महासमुंद**
**कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)**

G-242502818/2

**कार्यालय नगर पंचायत टुण्डरा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**Email-Nagarpanchayattundra@gmail.com**

क्रमांक / 604 / न.पं / लो.नि.वि. / 2024-25 टुण्डरा, दिनांक 26/09/2024

**मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा नगर पंचायत टुण्डरा द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु एकल पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों / ठेकेदारों से त्रि-लिफाफा पद्धति के माध्यम से निविदा Form A मे PWD Road SOR 01.01.2015 & PWD Building SOR 01.01.2015 & PWD E&M SOR 01.01.2020 से कम / बराबर / अधिक दर पर मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 01/10/2024 समय दोपहर 03:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि व समय - 07/10/2024 समय शाम 04:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र प्राप्त होने का अंतिम तिथि व समय - 21/10/2024 समय दोपहर 03:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि व समय - 21/10/2024 समय शाम 04:00 बजे से

| स. क्र. | कार्य का नाम | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रमांक 09 मुक्तिधाम का विकास कार्य । | 19.67 | 14,800.00 | 750.00 | 06 माह |
| 2 | वार्ड क्रमांक 06 में मुक्तिधाम का उन्नयन कार्य । | 11.91 | 9,000.00 | 750.00 | 04 माह |
| 3 | नगर पंचायत टुण्डरा वार्ड क्रमांक 12 में शनि मंदिर के पास बाजार विकास कार्य | 10.00 | 7.500.00 | 750.00 | 04 माह |
| 4 | वार्ड क्रमांक 04 खेल मैदान में विकास कार्य । | 9.03 | 6,800,00 | 750.00 | 03 माह |
| 5 | वार्ड क्रमांक 04 नगर पंचायत टुण्डरा कार्यालय परिसर में विकास कार्य (शेड, बाउण्ड्री एवं गेट) । | 7.14 | 5,400.00 | 750.00 | 04 माह |
| 6 | वार्ड क्रमांक 03 डबरी तालाब के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 3.53 | 3,600.00 | 750.00 | 02 माह |
| 7 | वार्ड क्रमांक 06 में पठारे घर से मेनरोड शासकीय प्राथमिक शाला तक सी.सी सड़क एवं आर सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 14.52 | 10,900.00 | 750.00 | 04 माह |
| 8 | वार्ड क्रमांक 01 गांधी मोहल्ला गेट से घासीराम के घर तक सी.सी. सडक निर्माण कार्य । | 4.92 | 5,000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 9 | वार्ड क्रमांक 07 हटरी चौक के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 8.44 | 6,400.00 | 750.00 | 06 माह |
| 10 | वार्ड क्रमांक 12 में मनबोध के घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 11.51 | 8,700.00 | 750.00 | 06 माह |
| 11 | वार्ड क्रमांक 14 गणेश धीवर घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 11.24 | 8,500.00 | 750.00 | 06 माह |
| 12 | वार्ड क्रमांक 04 विश्वकर्मा मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 5.00 | 5,000.00 | 750.00 | 06 माह |

**टीप** -उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की विस्तृत विवरण सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट से डाऊनलोड की जा सकती है

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत टुण्डरा**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### जैस्मिन और रिद्धिमा को संयुक्त बढ़त

**गुरुग्राम।** जैस्मिन शेखर दूसरे दौर में खराब प्रदर्शन के बावजूद गुरुवार को यहां पेशेवर गोल्फ टूर के 13वें चरण में रिद्धिमा दिलावरी के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष हैं। जैस्मिन ने दूसरे दौर में 76 जबकि रिद्धिमा ने 73 का स्कोर बनाया। दोनों का दूसरे दौर के बाद कुल स्कोर दो अंडर 142 है। जैस्मिन और रिद्धिमा ने स्नेहा सिंह (73-70) और अमनप्रीत ग्राल (72-71) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है जिनका कुल स्कोर एक अंडर 143 है।

### शतरंज संयोग से हुआ : गुजराती

**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती हाल में बुडापेस्ट में ओलंपियाड में ओपन वर्ग में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पांच सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम का हिस्सा थे। गुजराती ने



कहा, 'मैं शतरंज में संयोग से आया। जब मैं छह साल का था तो बहुत शरारती था। मेरे माता-पिता मुझे किसी गतिविधि में शामिल करना चाहते थे। मैं हर भारतीय बच्चे की तरह क्रिकेट खेलता था। वह मुझे एक क्लब में ले गए और वहां सीजन बॉल के साथ क्रिकेट खेला जाता था। इसलिए मेरे पापा ने कहा कि एक साल रुक जाओ और फिर क्रिकेट खेलो। तब तक कोई दूसरा खेल चुनो। इसलिए मैंने शतरंज खेलना शुरू कर दिया।'

### भारत के पास गहराई और अच्छे गेंदबाज

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान लीजा स्थालेकर का मानना है कि भारत आगामी महिला टी20 विश्व कप में अंतिम चार में पहुंच सकता है बशर्ते उसके सलामी बल्लेबाज और गेंदबाज अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करें। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने कहा, आस्ट्रेलियाई टीम सेमीफाइनल में होगी जिसका लक्ष्य लगातार चौथी बार खिताब जीतना है। इंग्लैंड की तैयारियां भी पुख्ता है। जहां तक भारत की बात है तो मुझे उम्मीद है कि वे सेमीफाइनल में जरूर पहुंचेंगे।'



दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है भारतीय टीम

## टेस्ट मैच का प्रसारण स्पोर्ट्स-18 पर आज सुबह 9.30 बजे से

# बांग्लादेश से भिड़ंत, क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत, रोहित-कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| कानपुर

भारत शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश पर अपना दबदबा कायम रखते हुए दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा। कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद भी भारतीय टीम कर रही है।

भारत ने चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच में रविचंद्रन अश्विन के ऑलराउंड खेल, शुभमन गिल के शतक, रविंद्र जडेजा की अच्छी बल्लेबाजी तथा ऋषभ पंत के वापसी पर किए गए शानदार प्रदर्शन की मदद से बड़ी जीत हासिल की थी। बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने पहले दिन भारत पर दबाव बना दिया था लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने जिस तरह से वापसी की उससे उसका विशेष कर घरेलू मैदानों पर टेस्ट क्रिकेट में दबदबे का पता चलता है। भारत की निगाह अब स्वदेश में लगातार 18वीं श्रृंखला जीतने पर टिकी हैं।



### स्पिनरों को मिलेगी मदद

ग्रीन पार्क के विकेट से स्पिनरों को मदद मिलती रही है। भले ही इसमें शुरू में तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलने की उम्मीद है लेकिन खेल आगे बढ़ाने के साथ इसकी प्रकृति में बदलाव होने की संभावना है। ऐसे में भारत तीन तेज गेंदबाजों के बजाय तीन स्पिनरों को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। ऐसी स्थिति में आकाशदीप की जगह कुलदीप यादव को मिल सकती है जिनका यह घरेलू मैदान है।

### जडेजा का अनोखा डबल

भारतीय ऑलराउंडर जडेजा इस मैच में 300 विकेट और 3000 रन का अनोखा डबल बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। उन्होंने अभी तक 73 टेस्ट मैच में 299 विकेट और 3122 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के इयान बॉथम ने 72 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी और जडेजा के पास उनके बाद सबसे कम मैच में इस मुकाम पर पहुंचने का मौका है।

### आज तय की जाएगी अंतिम एकादश

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश को लेकर कोई फैसला नहीं किया हैऔर टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा कि मैच की सुबह पिच और परिस्थितियों को देखकर टीम का चयन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ ने इस मैच के लिए दो पिच तैयार की हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच की पूर्व संध्या पर दोनों पिच का निरीक्षण किया। मैच के पहले दिन बारिश की भविष्यवाणी भी की गई है।

### मैच पर बारिश का साया


कानपुर में आज 92 प्रतिशत बारिश होने के आसार हैं। इसका मतलब पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ सकता है। टेस्ट मैच के पहले दिन आसमान पर बादल छाए रहेंगे। दूसरे दिन बारिश के 80 प्रतिशित होने की संभावना है, जबकि तीसरे दिन 59 प्रतिशत। चौथे और पांचवें दिन बारिश की संभावना ना के बराबर है। लेकिन शुरुआती दिनों बारिश होने के चलते ग्राउंडमैन को मैदान को सुखाने में समय लगेगा। ऐसे में दूसरा टेस्ट बारिश की भेंट चढ़ सकता है।

# लेवांडोव्स्की ने दागा सातवां गोल बार्सिलोना की लगातार 7वीं जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने सात मैच में अपना सातवां गोल किया जिससे बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए गेटाफे को 1-0 से हराकर लीग में लगातार सातवीं जीत हासिल की। बार्सिलोना की स्पेनिश लीग में यह दूसरी सबसे अच्छी शुरुआत है। इससे पहले उसने 2017-18 में टूर्नामेंट की शुरुआत में लगातार सात मैच जीते थे। अगर वह ओसासुना के खिलाफ अपना अगला मैच जीत जाता है तो फिर 2013-14 के सत्र के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेगा जब उसने सत्र की शुरुआत में लगातार आठ मैच जीते थे।

बार्सिलोना इस सत्र में अभी तक सात मैच में 23 गोल कर चुका है जबकि उसके खिलाफ केवल पांच गोल हुए हैं। उसने मौजूदा चैंपियन और अपने कड़े प्रतिद्वंदी रियल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। पोलैंड के स्ट्राइकर लेवांडोव्स्की ने गेटाफे के खिलाफ 19वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। क्लब के अनुसार यह लीग मैचों में बार्सिलोना की तरफ से किया गया 6500वां गोल है। इसके अलावा बुधवार को गिरोना में गिरोना और रेयो वैलेकैनो का मुकाबला 0-0 से ड्रा रहा।



### ट्वेंटे ने यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

मैनचेस्टर, 26 सितंबर (एपी) मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम पहले हाफ में मिली बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और उसे यूरोपा लीग फुटबाल टूर्नामेंट में अपने कोच एरिक टेन हाग के पुराने क्लब एफसी ट्वेंटे से मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। सैम लैमर्स ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मैच के दूसरे हाफ में क्रिश्चियन एरिक्सन की गलती का फायदा उठाया और नीदरलैंड के क्लब की तरफ से बराबरी का गोल किया। इससे पहले एरिक्सन ने पहले हाफ में शानदार गोल करके यूनाइटेड को बढ़त दिलाई थी।

### पोर्टर आर्सेनल के सबसे युवा खिलाड़ी

**लंदन।** गोलकीपर जैक पोर्ट आर्सेनल फुटबॉल क्लब की शुरुआती एकादश में जगह बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इंग्लिश लीग कप में बोल्टन वांडरर्स के खिलाफ 16 वर्ष की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की। इस मुकाबले में मिडफील्डर एथन नवानेरी के दो गोल की बदौलत आर्सेनल ने बोल्टन पर 5-1 से जीत दर्ज की। पोर्टर ने 16 साल, 72 दिन की उम्र में शुरुआती एकादश में जगह बनाकर दिग्गज सेस्क फैब्रेगास (2003 में पदार्पण) के 16 साल, 177 दिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।



### खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करता रहूंगा : मार्कराम

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान एडेन मार्कराम ने टीम के भविष्य पर बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने युवा खिलाड़ियों को दीर्घकालिक संभावनाओं के रूप में तैयार करने को प्राथमिकता दी है। मार्कराम को 2024 टी20 विश्व कप से पहले कप्तान नियुक्त किया गया था जिसमें उनकी टीम को जून में भारत से फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका अगस्त में वेस्टइंडीज से तीन टी20 मैचों की श्रृंखला भी हार गया। हालांकि इस मुश्किल शुरुआत के बावजूद वे अपनी अगुआई में खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को लेकर उत्साहित हैं।

क्रिकेट

### वनडे : भारतीय अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर किया क्लीन स्वीप



एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

भारतीय अंडर-19 खिलाड़ियों ने अंतिम ओवर में संयम बरतते हुए गुरुवार को यहां बड़े स्कोर वाले तीसरे अंडर-19 वनडे में ऑस्ट्रेलिया पर सात रन की जीत से श्रृंखला में 3-0 से स्वीप किया।

भारत की युवा टीम ने पहले वनडे में सात विकेट और दूसरे वनडे में नौ विकेट से जीत दर्ज की थी। भारत ने सलामी बल्लेबाज रूद्र पटेल (77 रन) और कप्तान मोहम्मद अमान (71 रन) के अर्धशतकों की बदौलत आठ विकेट पर 324 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए निचले क्रम में हार्दिक राज ने 30 रन और चेतन शर्मा ने नाबाद 18 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम भी 41वें ओवर में दो विकेट पर 241 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी जिसमें उसके लिए कप्तान ओलिवर पीके (111 रन) और स्टीवन होगान (104 रन) ने शतक जड़े। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 180 रन की भागीदारी निभायी लेकिन टीम निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट पर 317 रन का स्कोर ही खड़ा कर सकी।

मकाऊ ओपन

# श्रीकांत, त्रीशा-गायत्री ने क्वार्टर में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| मकाऊ

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को यहां हमवतन आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने 2023 ओडिशा मास्टर्स के उप विजेता आयुष को 21-13, 21-18 से हराया।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत अगले दौर में हांगकांग के दूसरे वरीय एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे जिनके खिलाफ पिछले आठ मैच में उन्होंने चार जीत दर्ज की जबकि चार बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने लिन चीह चुन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की जोड़ी को सिर्फ 38 मिनट में 22-20, 21-11 से शिकस्त दी। महिला एकल में दुनिया की पूर्व नंबर एक जूनियर खिलाड़ी तस्नीम मीर को चौथी वरीय और 2022 विश्व जूनियर चैंपियन जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद तीन गेम में 17-21, 21-13, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को दूसरे दौर में वोंग टिएन सी और लिन च्यु सिएन की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 17-21, 14-21 से हार झेलनी पड़ी।

### शतरंज ओलंपियाड चैंपियन सम्मानित

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को 45वें ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाली भारतीय पुरुष और महिला शतरंज टीमों को सम्मानित किया। पुरुषों की स्पर्धा में डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और आर प्रज्ञानानंदा ने स्लोवेनिया के खिलाफ अंतिम दौर में निर्णायक जीत हासिल की। महिला टीम ने भी अजरबेजान को हराकर स्वर्ण पदक जीता। मांडविया ने कहा, 'वैश्विक मंच पर जीतकर आपने न केवल पूरे देश को गौरवान्वित किया है बल्कि हमारी पारंपरिक विरासत को भी सम्मानित किया है।' कार्यक्रम के दौरान मांडविया ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश के साथ शतरंज की एक बाजी भी खेली।

### शाकिब ने लिया टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास

**कानपुर।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने गुरुवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तुरंत प्रभाव से संन्यास लेने की घोषणा की। साथ ही कहा कि अगर उनका घरेलू बोर्ड उनके लिए स्वदेश में विदाई मैच का आयोजन नहीं करता है तो फिर भारत के खिलाफ यहां होने वाला दूसरा टेस्ट मैच उनका अंतिम टेस्ट होगा। बांग्लादेश की तरफ से उनका अंतिम मैच चैंपियंस ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट में होगा जिसका आयोजन संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान में होने की संभावना है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने बांग्लादेश की तरफ से 129 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह फ्रेंचाइजी लीग में इस प्रारूप में खेलना जारी रखेंगे। शाकिब ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'मैंने टी20 विश्व कप में अपना अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल लिया है। हमने चयनकर्ताओं के साथ चर्चा की।

### चीन ओपन में जीते सिनर, 12 मैच से अजेय

**बीजिंग।** शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी यानिक सिनर ने गुरुवार को यहां पहले दौर में निकोलस जैरी को कड़े मुकाबले में हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। सिनसिनाटी और अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने वाले इटली के सिनर ने पहला सेट गंवाने के बाद 4-6, 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की और अपनी जीत के क्रम को 12 तक पहुंचाया। पिछले 52 हफ्तों में सिनर ने 76 मैच जीते हैं जबकि छह मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ टोक्यो में जापान ओपन में शीर्ष वरीय टेलर फ्रिट्ज को दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के आर्थर फिल्स ने 6-4, 3-6, 6-3 से हराकर उलटफेर किया। गत चैंपियन बेन शेल्टन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए रिली ओपल्का को 3-6, 6-1, 6-4 से हराया।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है। आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

**मछुआरों के हाथ लगी दुर्लभ मछली**

**सिडनी।** डेली मेल वेबसाइट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के टिवी आइलैंड के पास कर्टिस पीटर्सन और उनके दोस्त को एक विशाल ओरफिश मिली है। उन्होंने फेसबुक पेज फिशिंग ऑस्ट्रेलिया टीवी पर इस मछली के साथ फोटो को पोस्ट किया है। ये आइलैंड ऑस्ट्रेलिया के नॉर्दर्न टेरेटरी में स्थित डारविन से करीब 80 किलोमीटर दूर है।

# जल्द लॉन्च होगा देश का पहला प्राइवेट हाई-इमेजिंग सैटेलाइट गणेश, दो निजी कंपनियों में डील

**नई दिल्ली।** भारत की एक प्रमुख अंतरिक्ष कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने निबे स्पेस के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत दोनों कंपनियां मिलकर पृथ्वी की तस्वीरें लेने वाले उपग्रहों का एक समूह लॉन्च करेंगी। ये देश के पहले निजी अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट्स होंगे। जिनका इस्तेमाल रक्षा क्षेत्र के लिए भी किया जा सकता है। हैदराबाद की निजी स्पेस कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस और बेंगलुरू की निबे स्पेस ने आपस में




सैटेलाइट लॉन्च करने की डील की है। स्काईरूट अपना रॉकेट इस्तेमाल करेगा। निबे स्पेस सैटेलाइट बनाएगा। ऐसे 40 सैटेलाइट छोड़े जाएंगे। ये सभी सैटेलाइट धरती की हाई-रेजोल्यूशन तस्वीरें लेंगे। जिनका इस्तेमाल रणनीतिक तौर पर किया जाएगा। ये डील दोनों कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि स्काईरूट की लॉन्च वाहनों में दक्षता है। यानी रॉकेट के एक्सपर्ट्स हैं। जबकि निबे स्पेस सैटेलाइट बनाने में. स्काईरूट और निबे स्पेस के बीच हुई डील से भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र को इजाफा मिलेगा। दुनियाभर से सरकारें, कंपनियां और समूह भारतीय निजी स्पेस कंपनियों के साथ डील करेंगे।





















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com